हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, शुक्रवार 7 मार्च 2025


**तापमान**

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 17.1 डिग्री



## इन ट्रेनों में वेटिंग अधिक

### अंबिकापुर एक्सप्रेस

*12 मार्च को रायपुर से अंबिकापुर जाने स्लीपर और एसी कोच में वेटिंग 130 है। होली के बाद अंबिकापुर से रायपुर के लिए भी वेटिंग 100 से अधिक है।*

### समता एक्सप्रेस

*दिल्ली, भोपाल और आंध्र प्रदेश के मार्ग से चलने वाली समता एक्सप्रेस में भोपाल के लिए वेटिंग 75 स्लीपर कोच में है, तो वही एसी में 31 पहुंच गया है। 6 से 17 मार्च तक अभी से वेटिंग शुरू हो चुका है।*

### छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस

*पंजाब जाने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में 12 मार्च से वेटिंग अभी स्लीपर में 59 है, तो वही एसी में 35 है। इसमें 17 मार्च तक बुकिंग अधिक है। 10 मार्च से प्रतिदिन ट्रेन में वेटिंग 50 से अधिक है।*

### गोंडवाना एक्सप्रेस

*10 से 17 मार्च तक ट्रेन के स्लीपर कोच में वेटिंग 70 है, तो वही एसी में 50 है। होली के 5 दिनों के बाद ट्रेन में कंफर्म टिकट मिल सकती है।*

# होली पर ट्रेनें रहेंगी पैक, कन्फर्म टिकट मिलना मुश्किल, अभी से वेटिंग 100 तक

## होली से पहले ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़, उत्तरप्रदेश, बिहार और भोपाल रूट की ट्रेनों में वेटिंग ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

होली के त्योहार में अब सिर्फ 6 दिन बाकी हैं। ट्रेनों में बुकिंग हर दिन बढ़ने लगी है। पर्व के नजदीक आते ही कई ट्रेन, बस और फ्लाइट्स में सीटें फुल हो चुकी हैं। विशेष रूप से दिल्ली, मुंबई, हावड़ा, बिहार और भोपाल रूट की ट्रेनों में 12 से 16 मार्च तक वेटिंग का आंकड़ा बढ़ने से कन्फर्म टिकट मिलना मुश्किल हो गया है। रायपुर से छत्तीसगढ़, समता और मुंबई-हावड़ा समेत गीतांजली और सारनाथ स्लीपर कोच में वेटिंग 70 से 100 तक पहुंच चुकी है। रेलवे प्रशासन द्वारा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया है, जिससे यात्रियों को कुछ राहत मिली है, लेकिन अब ट्रेनों में अतिरिक्त कोच की आवश्यकता महसूस हो रही है। वहीं, ट्रेन पैक होने के कारण बसों का किराया भी बढ़ चुका है।

**अलग खबर**

### आरक्षण केंद्र में टिकट खरीदने लग रही लाइन

होली के त्योहार को लेकर घर जाने के लिए यात्रियों की भीड़ आरक्षण केंद्र में बढ़ गई है। रोजाना बड़ी संख्या में लोग आरक्षण केंद्र पर पहुंचकर अपनी कंफर्म टिकट खरीदने के लिए लाइन लगा रहे हैं। आरक्षण केंद्र में सुबह से लेकर शाम तक यात्रियों की लंबी लाइन देखने को मिल रही है। नागपुर और कटनी जैसे मार्गों के लिए यात्रियों को कंफर्म टिकट मिल रहा है, वहीं भोपाल, वाराणसी, सूरत और पटना जाने वाले यात्रियों को वेटिंग टिकट मिल रही है। इसके अलावा, कई यात्री ट्रेनों में उपलब्ध सीटों की जानकारी लेने के लिए भी स्टेशन पर पहुंच रहे हैं।



### दिल्ली की ट्रेनों में रहेगी अधिक भीड़

होली के त्योहार के दौरान दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में अधिक भीड़ रहने का अनुमान है, खासकर उत्तरप्रदेश और बिहार रूट की ट्रेनों में। 13 से 17 मार्च के बीच दिल्ली के लिए चार प्रमुख ट्रेनें चलेंगी, जिनमें समता, गोंडवाना, संपर्क क्रांति और छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस शामिल हैं। इन ट्रेनों में स्लीपर और एसी कोच में वेटिंग लिस्ट 50 से 70 तक पहुंच चुकी है, जो सप्ताह भर में बढ़कर 100 तक पहुंच सकती है, जिसके बाद कंफर्म टिकट मिलना मुश्किल हो सकता है। रायपुर से गुजरने वाली इन लंबी दूरी की ट्रेनों में बड़ी संख्या में यात्री दिल्ली, उत्तरप्रदेश और भोपाल के लिए सफर करते हैं। वेटिंग लिस्ट के अधिक होने के कारण यात्रियों को टिकट मिलने में परेशानी हो रही है।

## खबर संक्षेप

### भ्रष्टाचार में निलंबित अफसरों को बहाल करने का खेल जारी

**रायपुर।** नगर निगम जोन 9 में सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार मामले में निलंबित होने वाले अधिकारियों को फिर से उसी दफ्तर में बहाल करने बड़ा खेल चल रहा है। सूत्रों के मुताबिक, नगर निगम जोन-9 के सड्डू और दलदल सिवनी में सड़क निर्माण में गड़बड़ी उजागर होने पर जिन दो सब-इंजीनियर रुचि साहू और जयनंदन डहरिया को निलंबित किया गया था, उन्हें जांच के बिना ही दोबारा उसी जोन में बहाल कर दिया गया है। इसके लिए बकायदा आदेश जारी भी किया गया है, लेकिन इसे सार्वजनिक नहीं किया गया है। इस आदेश की कापी मीडिया के पास आ चुकी है। वहीं रोड निर्माण की गुणवत्ता की जांच के जिम्मेदार सहायक अभियंता ओपी वर्मा को भी पूरी तरह से बचा लिया गया है। इसके पीछे उनके रिटायरमेंट के करीब होने का हवाला दिया जा रहा है।

### तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर दंपति की मौत

**रायपुर।** धरसींवा थाना क्षेत्र के सिलयारी चौकी में विवाह समारोह से लौट रहे दंपति को ट्रक ने कुचल दिया। ट्रक की चपेट में आए दंपति की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर जमकर हंगामा किया। घटना मालोद के पास की है। संतोष साहू अपनी पत्नी ललिता साहू के साथ एक विवाह समारोह से शामिल होकर वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने लापरवाही से ट्रक चलाते हुए दंपती की बाइक को ठोकर मार दी। ट्रक की ठोकर लगने से दंपति गिर पड़े और ट्रक की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

*तकनीकी विश्वविद्यालय में तकनीकी दिक्कत...*

# कुलपति नहीं, इसलिए 6 माह से प्राध्यापक भर्ती भी ठप, एक-दूसरे को पढ़ा रहे विद्यार्थी

**प्रदेशभर के इंजीनियरिंग महाविद्यालयों का जिम्मा संभाले स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि की हालत खुद ही खस्ता हो गई है। कुलपति का बेसब्री से जितना इंतजार यहां के विद्यार्थियों को है, उतना किसी और को शायद ही होगा। वजह यह है बीते 6 माह से प्राध्यापकों की भर्ती नहीं हो पाना। यहां कुलपति का पद बीते वर्ष अक्टूबर में खाली हुआ था। दो बार के कुलपति रहे प्रो.एमके वर्मा के बाद यहां का दायित्व प्रभारी कुलपति संभाल रहे हैं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

यूटीडी अध्ययनशाला में डायरेक्टर, प्राध्यापक, असिस्टेंट प्रोफेसर, असोसिएट प्रोफेसर, लेक्चरर के 60 पद स्वीकृत हैं। इनमें से 31 पदों पर ही स्थायी प्राध्यापक हैं, जबकि शेष 29 पदों पर नियमित नियुक्ति नहीं होने के कारण संविदा भर्ती की जाती रही है। सीएसवीटीयू अध्ययनशाला में संविदा आधार पर प्राध्यापक भर्ती 6-6 माह के लिए होती है। कुलपति नहीं होने के कारण यहां संविदा भर्ती नहीं हो सकी है। नतीजन कक्षा में अध्यापन के लिए शिक्षक नहीं हैं। छात्र उम्मीद लिए विवि आते हैं, लेकिन शिक्षक को ना पाकर खुद ही लाइब्रेरी में किताबें खोलकर बैठ जाते हैं। कई छात्र स्वयं को समझ आने वाले टॉपिक एक-दूसरे को समझा रहे हैं।

**खास खबर**

### इस वर्ष 215 छात्रों ने लिया था दाखिला

विवि यूटीडी में बीटेक स्तर पर डाटा साइंस, सिविल और आर्टिफिशियल इंजीनियरिंग के ब्रांच हैं। इनमें से डाटा साइंस और आर्टिफिशियल इंजीनियरिंग में 90-90 सीटें हैं जबकि सिविल इंजीनियरिंग में 60 सीटें हैं। स्नातक स्तर पर माइनिंग सहित आईएस और एफएस के डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित हैं। वहीं पीजी 6 ब्रांच में संचालित हैं। बीटेक और एमटेक मिलाकर यहां 498 सीटें हैं। इनमें से 108 सीटें एमटेक की हैं। सत्र 2024-25 में 215 ने सीएसवीटीयू यूटीडी में दाखिला लिया था। यह छात्र संख्या प्रथम वर्ष की है। सभी वर्ष के विद्यार्थियों की संख्या मिलाकर यूटीडी में 1200 से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।





ये तस्वीरें स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि की हैं। एक तस्वीर में निर्धारित पीरियड में विद्यार्थी किताबों की सहायता से स्वयं अध्ययन कर रहे हैं तो दूसरी तस्वीर में छात्रों को जो टॉपिक समझ में आता है वो दूसरे विद्यार्थियों को समझा रहे हैं।

### इन विषयों के प्राध्यापक नहीं

सीएसवीटीयू फायर सेफ्टी में डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित करता है। इस विषय के साथ ही माइनिंग और बीटेक सिविल के प्राध्यापक पर्याप्त नहीं हैं। इन विषयों से संबंधित अधिकतर कक्षाएं बगैर प्राध्यापकों के यूं ही खाली जा रही है। अध्ययनशाला में ये नजारे आम हैं।

### इधर... प्रभारी कुलपति बात करने तैयार नहीं

तकनीकी विवि में कुलपति का पद रिक्त होने के बाद रविवि के कुलपति प्रो.सच्चिदानंद शुक्ल को यहां की जिम्मेदारी सौंपी गई। विश्व विद्यालयीन सूत्रों के अनुसार, छात्र सहित विवि के कई अधिकारी-कर्मचारी उनसे संविदा प्राध्यापकों की नियुक्ति की मांग कर चुके हैं। प्रस्ताव भी भेजा जा चुका है। नई भर्ती के स्थान पर पहले से ही कार्यरत संविदा प्राध्यापकों का ही कार्यकाल बढ़ाने का भी सुझाव दिया, लेकिन प्रभारी कुलपति ने इससे इनकार कर दिया। उनके द्वारा केवल वेतन व परीक्षा संबंधित अत्यंत आवश्यक कार्यों को ही अनुमति प्रदान की जा रही है। हरिभूमि ने जब उनका पक्ष जानने संपर्क करने की कोशिश की तो उनके द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया।

# प्रेम प्रसंग के विवाद पर फायरिंग, चार आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एक दिन पहले हुए विवाद के बाद गुरुवार को तेलीबांधा थाने के पास फायरिंग का मामला सामने आया, जिससे हड़कंप मच गया। पुलिस एवं साइबर क्राइम टीम ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल की, जिसके बाद मुख्य आरोपी समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने देर रात जानकारी देते हुए ▶▶|शेष पेज 13 पर

### पीछा कर पुलिस ने धर दबोचा

पुलिस टीम ने आरोपियों को चारपहिया वाहन पर वीआईपी टर्निंग के पास कुछ लोगों को भागते हुए देखा, जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपियों के चारपहिया वाहन का पीछा करते हुए पकड़ा गया। चारपहिया वाहन में 2 लोग सवार थे, जिन्होंने पूछताछ में अपना नाम जसपाल सिंह रंधावा एवं अभिजोत रखराज निवासी रायपुर का होना बताया। साथ ही 1 अन्य वाहन में 2 व्यक्ति को भी मोवा पण्डरी के निकट घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसने पूछताछ में अपना नाम जरनैल सिंह रंधावा एवं हरप्रीत सिंह रंधावा निवासी रायपुर का होना बताया। सभी आरोपी गोविंद नगर निवासी बताए जा रहे हैं।

# टॉयलेट की दुर्दशा सुधरवाने स्कूलों का सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खबर का असर**

राजधानी और इसके आसपास के ग्रामीण अंचल में संचालित सरकारी स्कूलों में टॉयलेट बनवाने के बाद जिम्मेदार उनकी सुध नहीं ले रहे हैं। इससे पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को जरूरी सुविधा के लिए तरसना पड़ रहा है। जिम्मेदार स्कूलों में बनवाए गए टॉयलेट का सर्वे ▶▶|शेष पेज 13 पर


हरिभूमि

- हरिभूमि की खबर के बाद हरकत में आए विभाग के जिम्मेदार

# सौम्या, रानू, सूर्यकांत 10 तक ईओडब्लू की रिमांड पर

**रायपुर।** डीएमएफ घोटाला मामले में जेल में बंद निलंबित राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसर सौम्या चौरसिया, कारोबारी सूर्यकांत तिवारी को ईओडब्लू ने सोमवार को गिरफ्तार किया है। इन दोनों के साथ डीएमएफ घोटाला मामले में पहले से जेल में बंद निलंबित आईएएस रानू साहू की गुरुवार को रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद ईओडब्लू ने तीनों को विशेष अदालत में पेश किया। जांच एजेंसी ने तीनों से पूछताछ करने कोर्ट में ▶▶|शेष पेज 13 पर

# उत्तर से आ रही ठंडी-शुष्क हवा की गति बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 9 मार्च से फिर होगी तापमान में वृद्धि, फिलहाल रात में रहेगी हल्की ठंड

बुधवार देर रात लोगों को ठंड का अहसास हुआ। ऐसा छत्तीसगढ़ के केवल कुछ हिस्सों में नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में हुआ। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर से आने वाली ठंडी और शुष्क हवा की गति बुधवार को बढ़ गई। देर रात तेज गति से हवा चली। हवा की गति सामान्य से अधिक होने के कारण लोगों को ठंड का अहसास हुआ और पंखे बंद कर चादर निकालने पड़े। हवा की गति 40 किमी प्रति घंटा रही। एक ही दिन में न्यूनतम तापमान में 5 से 6 डिग्री की गिरावट दर्ज हुई। हालांकि ठंड का यह अहसास लंबे वक्त तक नहीं रहेगा।

### शहर में पारा 17 डिग्री आउटर में 12 डिग्री

उत्तर से आ रही ठंडी और शुष्क हवा के कारण राजधानी रायपुर का न्यूनतम तापमान 17.1 डिग्री तक पहुंच गया। माना में 12.7 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। रायपुर का अधिकतम तापमान 33.3 डिग्री रहा, जो सामान्य है। 35.6 डिग्री के साथ दुर्ग सर्वाधिक गर्म रहा।

# थाना के सामने हिट एंड रन, कार की टक्कर से 10 फीट उछला युवक, मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुरानी बस्ती थाना के सामने हिट एंड रन का मामला सामने आया है। गुरुवार तड़के एक तेज रफ्तार कार ने युवक को टक्कर मार दी। कार की रफ्तार इतनी ज्यादा थी कि कार की टक्कर लगने के बाद युवक 10 फीट ऊपर उछल गया और उसका सिर दीवार से टकरा गया। सिर पर गंभीर चोटें आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना का सीसीटीवी फूटेज सामने आया है, जिसमें युवक कार से टकराने के बाद उछलते हुए दिख रहा है। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद पुलिस ▶▶|शेष पेज 13 पर

- आरोपी कार चालक की पुरानी बस्ती थाने की पुलिस पतासाजी करने में जुटी

### ब्रेक लगाने के बाद कार चालक मौके से फरार

युवक को टक्कर मारने के बाद कार चालक ने तेजी से कार में ब्रेक लगाया। कार की गति सामान्य हुई, तो कार चालक कार रोक कर घायल की मदद करने जाने के बजाय कार लेकर मौके से फरार हो गया। युवक के कार से टकराने तथा कार के ब्रेक लगने की आवाज सुनकर थाने में उपस्थित स्टाफ ने थाने से बाहर निकलकर देखा, तो मनोज की लहूलुहान लाश रोड पर पड़ी हुई थी। पुलिस जब तक कुछ समझ पाती, कार चालक कार लेकर मौके से फरार हो चुका था। मनोज के दो बच्चे हैं, घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मनोज पर घर की जिम्मेदारी थी।




## खबर संक्षेप



### रसनी में बच्चों ने नेवता भोज में समोसा एवं मिठाई बांटी

**आरंग।** शासकीय प्राथमिक शाला रसनी में शाला प्रबंधन व विकास समिति अध्यक्ष सूरज शर्मा ने अपनी पुत्री यशस्वी शर्मा के जन्मोत्सव के अवसर पर नेवता भोज का आयोजन किया। जिसमे उन्होने बच्चों को केला, अंगूर, सेब, समोसा व मिठाई परोसा। तत्पश्चात बच्चो को कापी पेन वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक संतोष चंद्राकर, अर्चना शर्मा, ममता देवांगन, चित्रकांत चंद्राकर, रत्ना चंद्राकर, सीमा भाण्डेकर व रसोईया उपस्थित रहे।

### कुरुद शाला के न्योता भोज में 152 बच्चे हुए शामिल



**आरंग।** गुरुवार को शासकीय प्राथमिक शाला कुरुद (बाराडेरा) में शिक्षिका कविता राय के द्वारा अपने शुभ विवाह के अवसर में न्यौता भोजन कराया गया। जिसमें उन्होने पूर्ण भोजन का आयोजन किया। इस दौरान प्रधान पाठक एवं समस्त स्टाफ के साथ 152 बच्चों की उपस्थिति रही। शाला परिवार ने उन्हे इस आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

### गुरु घासीदास ने समानता और मानवता का दिया संदेश



**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी गुरुवार को बाबा गुरु घासीदास की तपोभूमि गिरौधपुरी धाम पहुंचे। उन्होंने यहां पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने इस अवसर पर कहा, बाबा गुरु घासीदास का जीवन और उनकी शिक्षाएं समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने समानता, न्याय और मानवता का संदेश दिया था। आज हमें उनके आदर्शों को अपनाकर छत्तीसगढ़ को एक समृद्ध और खुशहाल राज्य बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ की सरकार को बाबा गुरु घासीदास के सिद्धांतों पर चलते हुए राज्य के विकास और जनकल्याण के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। गिरौधपुरी धाम में श्री जोगी के साथ पार्टी के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक, उपाध्यक्ष अशोक सोनवानी, विधि प्रकोष्ठ के नेता अधिवक्ता आनंद मुगरी भी उपस्थित थे।

### अप्रैल से मिलेगा बढ़े हुए डीए के साथ वेतन, वित्त विभाग ने जारी किया आदेश




**रायपुर।** राज्य सरकार के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाने का आदेश वित्त विभाग ने जारी कर दिया है। वित्त विभाग की ओर से जारी आदेश में बताया गया कि यह महंगाई भत्ता 1 मार्च से लागू किया गया है। इसका लाभ 1 अप्रैल से कर्मचारियों को मिलने लगेगा। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने 3 मार्च को छत्तीसगढ़ के बजट में डीए बढ़ाए जाने की घोषणा की थी। उसके बाद गुरुवार को वित्त विभाग की ओर से इससे संबंधित आदेश जारी किया गया है। वित्त विभाग की ओर से जारी आदेश में छठवें वेतनमान में 1 मार्च से 7 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। साथ ही 7वें वेतनमान में 1 मार्च से 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। बढ़ाए गए डीए के बाद अब प्रदेश में सातवें वेतनमान का महंगाई भत्ता 53 प्रतिशत पर पहुंच गया है, वहीं छठवें वेतनमान में महंगाई भत्ता 246 प्रतिशत पहुंच गया है।

---

**हादसा :** जाम में फंसे 7 घंटे तक लोग, मलौद पेट्रोल पंप के पास हुआ हादसा

# माजदा की टक्कर से बाइक सवार पति-पत्नी की मौत, आक्रोश में ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलयारी

- मृतक परिवार को मुआवजा के रूप में 90-90 हजार रुपए नगद दिए

देवरी से सारागांव मार्ग पर सिलयारी पुलिस चौकी के अन्तर्गत ग्राम मलौद पेट्रोल पंप के पास शादी से लौट रहे पति-पत्नी को तेज रफ्तार स्वराज माजदा ने ठोकर मारी दी जिससे दोनों की मौके पर मौत हो गई। संतोष कुमार साहू उम्र (46) वर्ष राजेश्वरी साहू उम्र (40) वर्ष पति-पत्नी ग्राम मेहरसखा निवासी। जो गुरुवार सुबह लगभग 8 से 8:30 बजे के आसपास अपने रिश्तेदार के घर से शादी में शामिल हो कर अपने गांव मेहरसखा मोटरसाइकिल गाड़ी क्रमांक सीजी 040 पीके 4312 बाइक से जा रहे थे तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार मासदा का ड्राइवर नशे से लिप्त था जिसका नाम कमलेश यादव पिता ईश्वर यादव उम्र (24) वर्ष निवासी सेमदर्री ( मरवाही ) जिला पेन्ड्रा का रहने वाला है

गाड़ी क्रमांक सीजी 10 बी एस 1887 पेन्ड्रा से खरोरा धान लेकर जा रहे थे सिलयारी मलौद पेट्रोल पंप के पास भिड़ंत हो गई। जिससे मौके पर पति-पत्नी की मौत हो गई। सुचना पर घटनास्थल पहुंच कर गाड़ी व ड्राइवर को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि मृतक संतोष कुमार साहू व राजेश्वरी साहू के तीन बेटी व एक बेटा और एक वृद्ध मां थी। संतोष कुमार साहू अपने परिवार का एक ही कमाने वाला व्यक्ति था। जो एक बेटी का शादी हुआ है। बाकि तीन बच्चों सहित वृद्ध मां का भरण-पोषण करने वाला कोई नहीं है।



### दुर्घटना से आहात हो कर ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

ग्रामीणों ने लगातार हो रहे दुर्घटना को देखते हुए पुलिस प्रशासन से रिहयासी क्षेत्र में भारी वाहनों व अवैध शराब को लेकर पुलिस व तहसीलदार को अवगत करते हुए कहा कि भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने व स्कूली समय पर वाहनों की गति पर रोक लगाने संबंधी बातचीत हुआ जिस पर गति रोधक, बेरिकेट्स लगाकर ओवरलोड गाड़ियों, विमला साइडिंग पर जो क्वाइल के रैक लगने से भारी ओवरलोड गाड़ियों चलती है उस पर पुर्णरूप से बंद करने की मांग की। ग्रामीणों ने मुआवजा की राशि को लेकर धरना-प्रदर्शन किया जबतक मुआवजा की राशि नहीं मिलती तब तक यहां से लाश नहीं उठेगी इस बात पर पुलिस विभाग व तहसीलदार से अपने मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन कर बैठे रहे जिससे पूरी तरह आवाजाही बंद था। जिससे ग्रामीण को आश्वासन देकर मुआवजा 90-90 हजार रुपए की राशि प्रदान कर शव का पंचनामा कर शव परीक्षण के लिए धरसींवा भेज दिया गया। वहीं पुलिस ने चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

---

# मंत्री टंकराम के प्रयास से तिल्दा नेवरा बायपास सहित करोड़ों के कार्यों की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा



तिल्दा नेवरा में लंबे समय से बाय पास सड़क निर्माण की मांग की जा रही थी जो अब पूरी हो जाएगी। मंत्री टंक राम वर्मा के प्रयास से तिल्दा नेवरा बाय पास सड़क निर्माण सहित करोड़ों रुपए के विभिन्न निर्माण कार्यों की स्वीकृति मिल गई साथ ही बजट में भी जोड़ दिया गया।

मंत्री टंक राम वर्मा ने विशेष रूप से हमें बताया कि तिल्दा नेवरा शहर व क्षेत्र वासियों को मांग पर विकास कार्यों की झड़ी लग रही है। तिल्दा नेवरा में बाय पास सड़क निर्माण सहित तिल्दा के ग्राम पंचायत सरोरा में मिनी स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। सुहेला के मटिया में भी मिनी स्टेडियम की सौगात दी गई है। इसके अलावा तिल्दा के ग्राम सतभाँवा से तुलसी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना , खपरी खुर्द से चांपा, सतभांवा पहुंच मार्ग, मानपुर से टोहड़ा, सरफोगां पहुंच मार्ग, ताराशिव, छतौद, गौरखेड़ा, केवंतरा मार्ग, जलसो से नकटी पहुंच मार्ग, एनएच मार्ग में तरपोंगी एवं देवरी पहुंच मार्ग, तिल्दा कोटा, मोहरा पहुंच मार्ग सहित विभिन्न निर्माण कार्यों, नहर के विभिन्न कार्यों , कई पुल पुलिया निर्माण सहित करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी गई है। तिल्दा नेवरा बाय पास सड़क निर्माण सहित करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की सौगात देने पर मंत्री टंक राम वर्मा के प्रति नगर वासियों ने आभार व्यक्त किया है।

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे, जिला पंचायत सदस्य स्वाति वर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महेश अग्रवाल, भाजपा जिला महामंत्री राम पंजवानी, रमेश रिंकू अग्रवाल, सौरभ जैन, ईश्वर यदु, अरविंद वर्मा, पोषण वर्मा, सुखदेव वर्मा आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए मंत्री टंक राम वर्मा के प्रति आभार माना।

---

# गुल्लू में 12 तक स्वास्थ्य शिविर ग्रामीणों का गहन परीक्षण जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग



संचालनालय, आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा यूनानी सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) छत्तीसगढ़ एवं जिला आयुष अधिकारी के निर्देशानुसार विकासखंड के ग्राम आयुष गुल्लु में सघन स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत आयुष ग्राम गुल्लु में गैर संचारी रोग कार्यक्रम के माध्यम से ब्लड प्रेशर, शुगर एवं राक्तालपता जांच हेतु विशेष शिविर का आयोजन कर जनजागरूकता किया गया। शिविर प्रभारी डॉ. सतीश चौरासीया आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी ग्राम गुल्लु ने बताया की 6 से 12 मार्च तक गहन स्वास्थ्य परीक्षण एवं शिविर का आयोजन किया जाना है, जिसमे ऐनामिया कार्यक्रम, सुपोषण कार्यक्रम, सुप्रजा कार्यक्रम, पेलेटिव केयर एवं गैर संचारी रोग कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर गैर संचारी रोग कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रेणुका गजेंद्र आयुष चिकित्सक गैर संचारी रोग क्लिनिक जिला चिकित्सालय पंडरी रायपुर ने बताया की आयुष में गैर संचारी रोग का समाधान बहुत ही सरल ढंग से किया जाता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में शुगर और रक्तचाप की जांच का विशेष महत्व है एवं किस प्रकार दिनचर्या एवं ऋतुचर्या में परिवर्तन के माध्यम से गैर संचारी रोग के मरीज किस प्रकार अपने स्वास्थ्य का स्तर सुधार सकते हैं की जानकारी उपस्थितजन समुदाय को देते हुए कहा कि हमारे पूर्वज पहले अपने आसपास में उपलब्ध आयुष के माध्यम अपना शर्तिया इलाज कर लेते थे। लोगों की बढ़ती अनियमित दिनचर्या से मनुष्यों में गैर संचारी रोग बढ़ते जा रहे हैं जिसके समाधान के लिए आयुष ही मुख्य आधार व कारागार उपाय हैं। आयुष से आयुर्वेदिक इलाज कराकर स्वस्थ रह सकते है। शिविर के आयोजन में डॉ. नंदा साहू जिला आयुष अधिकारी जिला रायपुर का विशेष सहयोग एवं योगदान रहा है।

---



### चाकू मारने वाला युवक गिरफ्तार

**तिल्दा नेवरा।** पेट में चाकू से मारकर चोट पहुंचाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गत दिनों रात्रि करीब 08:30 बजे प्रार्थी मंतराम वर्मा के बेटे- बहू घर के बाहर गली में घरेलू बात को लेकर वाद विवाद लड़ाई झगडा हो रहे थे जिसे प्रार्थी समझा बुझा रहा था, उसी समय आरोपी उमेश कुमार निषाद पिता रामू निषाद उम्र 24 वर्ष नेवरा निवासी ने आकर प्रार्थी को अपने बेटे बहू को समझा नहीं सकते हो कहकर मां बहन की गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर चाकू से पेट में मारकर भाग गया। रिपोर्ट पर नेवरा पुलिस ने अपराध कायम कर आरोपी को अपने घर में होने की मुखबिर से सूचना मिलने पर धारा 296,115(2), 351(2), 118(1), बीएनएस के तहत गिरफ्तार किया गया तथा आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू को जप्त किया गया है। आरोपी को ज्यूडिशियल रिमाण्ड के लिए न्यायालय रवाना किया गया।

---

# उप सरपंच चुनाव : अधिकारियों को मिला प्रशिक्षण, सामग्री मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग



जिला कलेक्टर रायपुर डॉ. गौरव कुमार सिंह एवं कार्य विहित प्राधिकारी एवं तहसीलदार आरंग सीता शुक्ला तथा जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार सिंह लहरे के मार्गदर्शन मे पीठासीन अधिकारी (प्रधान पाठक प्राथमिक) का प्रशिक्षण शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरंग के शैक्षिक हाल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जनपद सीईओ कुमार सिंह लहरे ने चुनाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी को साझा किया एवं कहा कि कर्मचारियों की चुनाव में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। वहीं उन्होंने कहा कि उपसरपंच पद के निर्वाचन हेतु प्रत्येक अभ्यर्थी प्रारूप 2 में नाम निर्देशन पत्र भरेगा, जिसमें प्रस्तावक तथा समर्थन के रूप में दो सदस्यों के हस्ताक्षर होंगे। कोई भी पंच एक से अधिक अभ्यर्थी का प्रस्तावक या समर्थन करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा, वहीं प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर व्याख्याता प्रतुल राजनंद एवं व्याख्याता भास्कर प्रसाद यादव ने दिया तथा पीठासीन अधिकारियों द्वारा पूछे गए सभी प्रश्नों का समाधान करते हुए छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 धारा 17 को ग्राम पंचायत के उपसरपंच निर्वाचन संबंधी प्रावधान की विस्तार से जानकारी देते हुए सभी प्रारूप के बारे में विस्तार से बताया एवं चुनाव सामग्री भी वितरित की गई। इस अवसर पर सिदार सर (जनपद) राकेश साहू (तहसील) आदि की भी उपस्थिति रही। ज्ञात हो कि आगामी उपसरपंच चुनाव 8 मार्च को होने जा रहा है।

---



# बनरसी राज्य स्तरीय मानस महोत्सव में 18 मंडली पहुंची

**आरंग।** ग्राम बनरसी में सूरज महिला स्वसहायता समुह के तत्वाधान में तीन दिवसीय विराट संगीत मय मानस महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें हीरालाल साहु, अशोक साहू, टोकेश साहू के संयोजन में राज्य के 18 मानस मंडलियों को आमंत्रित किया गया। अर्चना आदर्श महिला मंडली के सती प्रसंग पर दर्शक भावविभोर हुए, वही मधुरिमा मानस मंडली बरौंडाचौक के संगीतमय प्रस्तुति से दर्शकगण खुब झुमे। इस अवसर पर समुह के गीता मणी, ललीता खुमान, रेखा भारत, केंवरा दिनेश्वर, मालती कौशल, बिरजा, जीतराय, त्रिवेणी भुनेश्वर, चित्रकला कुंदन, द्रौपती कृष्ण कुमार, अंजनी मनहरण तथा ग्रामवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अशोक साहू ने किया।

---

# निगम के नए आयुक्त विश्वदीप ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- धमतरी के नवपदस्थ कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने उन्हें पदभार सौंपा
- नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारियों ने बुके देकर दी शुभकामनाएं



आईएएस अफसर विश्वदीप ने गुरुवार को निगम मुख्यालय में निगम आयुक्त और रायपुर स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक का पदभार संभाल लिया है। निवृत्तमान आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने उन्हें पदभार सौंपा। श्री मिश्रा को धमतरी जिले का कलेक्टर नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर नगर निगम के अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, यूएस अग्रवाल, पंकज शर्मा, विनोद पांडे, कृष्णा खटिक, मुख्य अभियंता यूके धलेन्द्र, उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा, जसदेव सिंह बाबरा सहित अधिकारी व कर्मचारियों ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद निगम आयुक्त विश्वदीप ने अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक कर कार्यों की जानकारी ली। इसके साथ स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान 2024 की नगर पालिका निगम रायपुर क्षेत्र में प्रशासनिक तैयारी के प्रगति पर चर्चा की। नवपदस्थ आयुक्त ने 7 मार्च को दोपहर 12 बजे से निगम मुख्यालय के चतुर्थ तल पर सामान्य सभागार में आयोजित प्रथम सम्मिलन बैठक में प्रशासनिक दायित्वों का अच्छी तरह से निर्वहन करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये।

---

# बेक डेट पर निलंबन कांग्रेस की दुर्भावना : अन्नू तारक



**अभनपुर।** नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य अन्नू तारक ने पार्टी द्वारा निष्कासित किये जाने पर लिखित विज्ञप्ति के माध्यम से प्रतिक्रिया व्यक्त करते कहा कि त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव मे पार्टी का कोई सिंबाल नहीं होने के कारण जिला पंचायत सदस्य पद के लिए चुनाव लड़ा था जिसमें क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद से 16126 मत प्राप्त कर 7904 मतों से जीत दर्ज किया। चुनाव का रिजल्ट आने के बाद मुझे नोटिस न देकर बैक डेट में निलंबित किया गया। मेरे साथ दुर्भावना पूर्व की गई कार्यवाही से संबंधित शिकायत जिला कांग्रेस व प्रदेश कांग्रेस कमेटी मे किया गया है। इस संबंध मे जिला पंचायत सदस्य अन्नु तारक ने कहा कि त्रि स्तरीय पंचायत चुनावों में पार्टी के कार्यकर्ता चुनाव लड़ते है और जो भी चुनाव जीतता वह पार्टी के प्रति समर्पित रहता है लेकिन हमें इस बात का दुख है जिस पार्टी के हजारों कार्यकर्ता रात दिन एक करके चुनाव जिताये है, बड़े नेताओं द्वारा हमें प्रोत्साहित करने के बजाय पार्टी से ही निकाल दिया गया। प्रदेश का संभवतः पहला ऐसा मामला है कि चुनाव जीतने के बाद निलंबित किया गया है। अभनपुर क्षेत्र मे कांग्रेस पार्टी का कोई भी कार्यकर्ता आत्मसम्मान के साथ रहना चाहता है।

---

**OFFICE OF THE PRINCIPAL**
**GOVT. NAGARJUNA P.G. AUTONOMOUS COLLEGE OF SCIENCE, RAIPUR (C.G.)**
Website: www.gnscr.ac.in E-mail :- principal.npgcsr@gmail.com

Letter No-3773 /1101/2025 Raipur, Date 27/02/2025

**Advertisement for the post of Project Assistant in (Sponsoring Agency- Chhattisgarh Council of Science and Technology etc.) funded Minor Research Project**

Applications are invited from Indian nationals for the position of Project Assistant in a CCOST Project funded minor research project with the following details :

**Title of the Project:** Fabrication of doped Gold Nanoparticles for In Vitro Investigation of Photothermal Therapy for Cervical Cancer

**Principal Investigator:** Dr. Sunita Sanwaria Singh, Asst. Professor, Department of Chemistry, Govt. Nagarjuna Post Graduate College, Raipur (C.G.).

**Name of the position:** Project Assistance (PA).

**Number of Positions:** 01

**Essential qualifications:** Master of Science

**Desirable:** As required by PI

MSc from Chemistry/Physics/Materials Science/Nanoscience or BTech from Materials science/Nanotechnology/CSE or related topics with a minimum of 60% aggregate score (6.5 grade points on a scale of 10).

**Salary:** 10,000/- per month.

**Duration:** 2 years

**How to apply:** Interested candidates bring all documents along with them during interview.

**Date of Walking:** 10/03/2025.

**Time:** 11:00 am

**Terms & Conditions:**

i. No TA/DA will be provided to the candidate for the interview
ii. The decision of the selection committee will be final.
iii. If the number of candidates appearing for the interview is large, the selection committee may decide to restrict the number of candidates for the interview to a reasonable limit after considering qualifications and experience

**Dr. Sunita Sanwaria Singh**
**Principal Investigator**
**Govt. NPG College of Science, Raipur (C.G.)**

**Dr. Amitabh Banerjee**
**Principal**
**Govt. NPG College of Science, Raipur (C.G.)**

---

**शासकीय भूमि, खंडहर और स्कूल-कालेज के आसपास लगता है जमावड़ा**

# उद्योग नगरी सिलतरा नशे के मकड़जाल में स्मैक की लत में युवक व कई परिवार बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा

- नशे के लिए मोबाइल, बाइक और अन्य समान गिरवी में, रोज परिवार में विवाद और मारपीट की नौबत

ब्लाक मुख्यालय धरसींवा से लेकर उद्योग नगर सिलतरा तक इन दिनों नशे का जम कर कारोबार हो रहा है। क्षेत्र में स्मैक के गोरखधंधे में युवाओं की संलिप्तता जितनी चौंकाने वाली है, उतनी ही चिंतनीय। स्मैक की खातिर युवा न सिर्फ अपने मोबाइल, बाइक सहित अन्य सामान गिरवी रख रहे हैं, बल्कि घर में ही चोरी की घटनाओं को अंजाम देने से भी नहीं चूक रहे। आलम यह है कि स्मैक के चक्कर में कई युवा लाखों रुपये के कर्ज में डूबे हुए हैं जहां से अपराध और अपराधी का जन्म हो रहा है। इस पर रोक लगाने में जंहा धरसींवा पुलिस पूरी तरह से फिस्सडी साबित हो रही है। उद्योग नगर सिलतरा,साकरा,धरसींवा क्षेत्र में फैला स्मैक और टेबलेट का जाल किशोरों को जकड़ चुका है।



### इन दवाओं का नशे के लिए उपयोग

वर्तमान परिस्थितियों में धनाढ्य, मध्यम वर्गीय और गरीब सभी तरह के परिवार के युवा नशे की गिरफ्त में हैं। यह युवा तनाव, बेरोजगारी, पैसों की कमी या फिर जीवन में आनंद उठाने के लिए नशे का उपयोग करते हैं। इसके लिए एल्को-9 टेबलेट, सीरप में खांसी की दवाइयां बेनाड्रिल, कोरेक्स व एलोपैथिक दवाएं जिन्हें असंतुलित मात्रा में ग्रहण कर मस्त हो जाते हैं, जिससे इनका तनाव कम होता है। इस तरह के नशे को करने वाले की पहचान आसानी से नहीं हो पाती है, जिस तरह से शराब पीने वालों की पहचान हो जाती है। इसलिए नशा करने वाले युवा मेडिकेटेड नशे की ओर खिंच रहा है। छोटी-बड़ी जगहों में मेडिकल वाले आसानी से अपने ग्राहकों को यह नशा उपलब्ध कराते हैं। नशे की यह दवाइंया आसानी से मिलने की वजह से ही इनका इस्तेमाल बढ़ा है। डॉक्टर की पर्ची के

### कर्मचारियों के खंडहर भवन और स्कूल कालेज का एरिया बना अड्डा

धरसींवा जनपद पंचायत के पीछे कभी थानेदार से लेकर डॉक्टरों सहित कई अफसरों का निवास होता था पर आज उक्त कालोनी पूर्ण रूप से खंडहर हो चुका है जंहा आज नशेड़ियों और अय्याशियों ने उस जगह को अपना अड्डा बना लिया है जंहा पर नशे की आसान पहुंच युवाओं को गर्त में डाल रही है। बता दे कि यंहा पर कई तरह का नशा जो युवाओं को आसानी से मिल जाता और वे धीरे-धीरे नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। वही रायपुर राजधानी से लगे प्रदेश का सबसे बड़ा उद्योग नगर सिलतरा में नशीली दवाओं, डोडा-पोस्त, गांजा व स्मैक जैसे खतरनाक नशे का प्रचलन बढ़ा है।



# किसानों को पिछले साल के गन्ने का पेमेंट नहीं मिला, बंद होने की कगार पर शक्कर कारखाना

## मंत्री ने कहा- आर्थिक संकट दूर करने विशेषज्ञों की सलाह लेकर कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा के बजट सत्र में पंडरिया स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाने की माली हालत पर विधायक भावना बोहरा ने बताया कि किसानों को 2023-24 का गन्ने का



पेमेंट नहीं मिला है। न समर्थन मूल्य का भुगतान हो रहा और न ही बोनस का। सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा, सरकार इस पर गंभीर है। आर्थिक संकट दूर करने विशेषज्ञों की सलाह लेकर कार्यवाही की जाएगी। स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने समयबद्ध पेमेंट के साथ सारे बिंदुओं पर जांच के निर्देश दिए। भाजपा विधायक भावना बोहरा ने ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाने का मुद्दा उठाते हुए कहा, क्षेत्र में शक्कर कारखाने की स्थापना से रोजगार के अवसर बढ़े हैं। 8 हजार किसान गन्ना बेचते हैं। हर किसान के परिवार मे 5-6 लोग हैं। किसानों को अब तक 2023-24 का गन्ना का पेमेंट नहीं मिला है। न समर्थन मूल्य का भुगतान हो रहा और न ही बोनस का। विधायक ने बताया कि शुगर फैक्टरी पर 81 करोड़ का लोन था, जिसके एवज में ब्याज समेत 121 करोड़ पटाया जा चुका है। उन्होंने मांग की कि ब्याज की दर को घटाया जाए। साथ ही गन्ना पेराई की दर 350 रुपए दी जा रही है, जबकि प्राइवेट कंपनी में 450 रुपए दिया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि शक्कर कारखाना को सहकारिता विभाग से कम दर पर अतिरिक्त ऋण दिया जाए, ताकि उसका आर्थिक संकट दूर हो सके।

### किसानों पर कुप्रबंधन का भार

विधायक ने कहा, कुप्रबंधन का भार किसानों पर पड़ रहा है। बीजेपी विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा, नेता वहां जाकर अपने लोगों को काम देने का दबाव डालते हैं। एक



हाईपावर कमेटी भेजकर उसकी समीक्षा कर शक्कर कारखाने की बेहतरी के लिए काम करें। मंत्री ने कहा, जल्द ही किसानों के भुगतान की व्यवस्था करेंगे। साथ ही कमेटी बनाकर व्यवस्था को दुरुस्त करेंगे। विधायक अजय चंद्राकर ने समय अवधि निर्धारण करने की मांग की। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा, हाई पावर कमेटी भेजकर तत्काल व्यवस्था कीजिए। मंत्री ने कहा, जल्द से जल्द कार्यवाही करेंगे।

### कुप्रबंधन की वजह से यह स्थिति बनी : केदार

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, अध्यक्ष, आपके क्षेत्र में आपके सपनों को साकार करने शक्कर कारखाना



बना है। यह एशिया के सबसे बेस्ट कारखाने में से एक है। सहकारिता एक बेहतर दुनिया का निर्माण कर सकती है। इस कारखाने को कुप्रबंधन से बचाते हुए इसे नहीं बेचने का आश्वासन दीजिए। मंत्री ने कहा कि 2006 में यह कारखाना बना था। कुछ कुप्रबंधन की वजह से यह स्थिति बनी है। इसे बेहतर करने का काम करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने समयबद्ध पेमेंट कराने का निर्देश देते हुए कहा, साथ ही सारे बिंदु पर जांच हो जाए।

## सदन में सीएम साय की अनुपस्थिति पर भूपेश बघेल ने ली चुटकी

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा में कहा, आचार संहिता के बारे में एक प्रश्न पूछ दिया, तो आपने जेल ही भेज दिया। एक ने सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार के बारे में सवाल पूछ दिया तो मुकेश



चंद्रकार ऊपर चले गये। अभी आपने क्या किया? अभी आचार संहिता लगी है, आप अधिकारी को लेकर जहाज में बढ़िया घूमने जा रहे हो। जो बड़े ऊंचे पद पर हैं, लोग उनसे उम्मीद करते हैं आचार संहिता लगी है, तो बड़े लोगों को कड़ाई से पालन करना चाहिये, लेकिन वित्तमंत्री आपने कड़ाई से पालन नहीं किया। दुर्भाग्यजनक बात यह है कि मुख्यमंत्री को प्रजातंत्र में विश्वास नहीं है।

आज विधानसभा में उनका प्रश्न भी था, बजट में उत्तर भी देना है, सभी सदस्य अपने-अपने क्षेत्र के बारे में अनेक योजनाओं के बारे में जानकारी देते हैं, लेकिन मुख्यमंत्री दिनभर से सदन में अनुपस्थित हैं। क्या यही लोकतंत्र का सम्मान है, आप ऐसे ही लोकतंत्र का सम्मान करेंगे, ऐसे ही सुशासन देंगे? उन्हें सदन में रहना चाहिये। मुख्यमंत्री प्रश्न से भाग रहे हैं। अनेक बार देखता हूं कि मंत्री जायसवाल उत्तर दे रहे, वे हर बार उत्तर देते रहते हैं। यह एक बार नहीं हुआ है।

### मुख्यमंत्री सदन में बैठते तो सदन की गरिमा बढ़ती

मेरे कार्यकाल का हो, सरकार में कोई भी बैठे जवाब तो उन्हें ही देना है, जो वर्तमान सरकार में बैठे हैं। हम यह नहीं कह रहे हैं कि आप उत्तर नहीं दे पा रहे है। मैं तो मुख्यमंत्री से आग्रह कर रहा हूं मुख्यमंत्री सदन में बैठते हैं, तो सदन की गरिमा बढ़ती है। आप सदन की गरिमा गिरा रहे हैं। मुख्यमंत्री सदन मे रहेंगे, तो हो सकता है कि आप लोगों के उत्तर में हस्तक्षेप करके कोई जवाब दे कोई नई घोषणा कर दें।

## कसडोल विधानसभा का एक गांव ऐसा भी जहां के ग्रामीणों ने कहा- हमें जल जीवन मिशन की आवश्यकता नहीं

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव ने जानकारी दी है कि जल जीवन मिशन में कसडोल विधानसभा के भरुवाडीह ग्राम के ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन की आवश्यकता को ही नकार दिया। उनका कहना है कि इससे केवल खुदाई होगी, जिसकी वजह से हमें



परेशानी होगी। ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन के कारण यहां पर अब तक जल जीवन मिशन का काम शुरू नहीं हो पाया है। प्रश्नकाल में कांग्रेस विधायक संदीप साहू ने कसडोल क्षेत्र के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा स्वीकृत कार्य का मामला उठाया। उन्होंने कहा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी द्वारा 2021-22 से जनवरी 2025 तक कौन-कौन से कार्य, कितनी राशि के स्वीकृत हुए? अधूरे कार्य का विवरण दें? 118 गांवों का कार्य अब तक अपूर्ण है। 197 में से कितने ग्राम जलस्रोत विहीन हैं। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि कसडोल विधानसभा 3 विकासखंड आते हैं, इस विधानसभा में 300 ग्राम हैं। 753 कार्य स्वीकृत हैं, 632 कार्य पूर्ण हैं। भरुवाडीह गांव के लोगों ने आवेदन देकर कहा, हमें जल जीवन मिशन की आवश्यकता नहीं है। हमारे घरों में नल है, इससे केवल खुदाई होगी, जिसकी वजह से हमें परेशानी होगी। जिसकी वजह से यह कार्य आप तक रुका हुआ है।

### सड़क का कार्य आधे से ज्यादा पूर्ण

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि सड़क के कार्य आधे से ज्यादा पूर्ण हो चुके हैं। जल जीवन स्कीम प्रगति पर है। विधायक ने इस पर सवाल किया कि कितने का जल स्त्रोत विहीन है? उपमुख्यमंत्री ने बताया कि सोर्स के लिए लगातार हम कार्य कर रहे हैं। विधायक ने कहा, जानकारी के अनुसार, 118 गांव में कार्य अपूर्ण है। जो अधिकारी इस योजना पर कार्य कर रहे हैं, उन पर कार्रवाई करेंगे? उन्होंने कहा कि समय से अगर कार्य नहीं पूर्ण होता है, तो अधिकारियों और पर कार्रवाई करेंगे।

### विधायक की उपस्थिति में होगी जांच

विधानसभा में आज कई विधायकों ने अपने क्षेत्र में जल जीवन मिशन के कार्यों को लेकर सवाल लगाए थे। कांग्रेस विधायक दलेश्वर साहू ने राजनांदगांव जिले में ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना में इंटकवेल, जल शुद्धिकरण प्लांट और एमबीआर निर्माण के निजी जमीन पर बनाने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की। मंत्री ने बताया कि चारागाह की जमीन पर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगा है। विधायक ने इस पर कहा कि जमीन का खसरा और नक्शा में वह निजी कृषि जमीन है। उन्होंने पूरे प्रकरण की जांच स्वयं की उपस्थिति में कराने की मांग रखी। मंत्री इसे स्वीकार करते हुए जांच कराने पर सहमत हुए।

## निधन की सूचना में देर, स्पीकर ने दोषी अफसरों पर कार्रवाई के दिए निर्देश

छत्तीसगढ़ विधानसभा में दिवंगत सदस्यों के निधन की सूचना में देर पर विधायकों ने सवाल उठाया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने देर से निधन की सूचना मिलने पर नाराजगी जताते हुए दोषी अफसरों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा, प्रशासन को स्पष्ट निर्देश होने के बाद भी विधानसभा को दिवंगतों की सूचना देर से

- डॉ. मधुकर के निधन की सूचना 20 दिन बार विधानसभा को भेजी



मिल रही है, इस पर आसंदी की ओर से व्यवस्था आनी चाहिए। स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने कहा, मैंने पूर्व में भी शासन को स्पष्ट निर्देश दिया गया था। किसी भी पूर्व सदस्य के निधन की सूचना देर से मिलना बहुत आपत्तिजनक है। दरअसल, डॉ. देवचरण मधुकर के निधन की सूचना विधानसभा सचिवालय को मिलने में देर हुई। अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व विधायक डॉ. मधुकर का निधन 12 फरवरी को हुआ था, इसकी जानकारी सदन को 4 मार्च को प्राप्त हुई। स्पीकर ने कहा, मैं सरकार को निर्देशित करता हूं कि बिलासपुर जिले के दोषी अफसरों पर कार्रवाई की जाए। कार्रवाई की जानकारी सदन को इसी सत्र में दी जाए। विधानसभा में पूर्व विधायक डॉ. देवचरण मधुकर को सदन में गुरुवार को श्रद्धांजलि दी गई।

## डौंडीलोहारा जनपद में कांग्रेस समर्थितों को नहीं लेने दी गई शपथ

## कांग्रेस का आरोप- पंचायत चुनाव में सत्ता का दुरुपयोग, बहिर्गमन

विधानसभा में कांग्रेस विधायकों ने पंचायत चुनाव में सरकार पर सत्ता का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। सरकार के दबाव में कांग्रेस समर्थित सदस्यों को शपथ नहीं लेने दिया गया। मामले में सरकार से जवाब मांगा, लेकिन सत्ता पक्ष की तरफ से जवाब नहीं आने पर कांग्रेसी विधायकों ने हंगामा करते हुए सदन से वॉकआउट कर दिया। कांग्रेस विधायकों ने शून्य काल में पंचायत चुनाव में सरकारी दबाव का मुद्दा उठाया। पूर्व मंत्री अनिल भेड़िया ने डौंडीलोहारा में पंचायत चुनाव में कांग्रेस समर्थित को शपथ नहीं लेने देने का आरोप लगाया।



कांग्रेस विधायक सावित्री मंडावी, पूर्व मंत्री उमेश पटेल और पूर्व सीएम भूपेश बघेल समेत अन्य कांग्रेसी विधायकों ने जिला और जनपद पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव में सत्ता के दुरुपयोग का आरोप लगाया। सावित्री मंडावी ने कहा, भानुप्रतापपुर, चरामा जनपद पंचायत में भी धांधली का आरोप लगाया। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा, पूरे प्रदेश में ऐसी घटना हो रही है। प्रदेश में लोकतंत्र का चीरहरण हो रहा है, इसके साथ ही कांग्रेसी विधायकों ने सदन में जमकर नारेबाजी की। वहीं कांग्रेस ने अपनी मांगों को लेकर सदन से बहिर्गमन किया।

## अनियमितता की जांच पर उठा सवाल, छह अधिकारियों का निलंबन

### भंडार क्रय नियम का उल्लंघन, मुख्य अभियंता के नेतृत्व में बनी जांच टीम : साव

कांग्रेस विधायक राघवेंद्र कुमार ने गौण खनिज से प्राप्त राशि में अनियमितता को लेकर हुई जांच पर सवाल किया। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि जांच में नियमों का उल्लंघन साबित होने पर छह अधिकारियों को निलंबित किया गया है। प्रश्नकाल में कांग्रेस विधायक राघवेंद्र कुमार ने सवाल किया कि कितने कार्य की निविदा आमंत्रित हुई। क्या भावपत्र में किसी तरीके से कोई अनुमति या अनुमोदन किया गया है? अगर जांच कराई गई है, तो रिपोर्ट में क्या आया है? उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि



2 करोड़ 13 लाख 44 हजार रुपए प्राप्त हुए थे। भाव पत्र के माध्यम से 26 में से 21 कार्य जल प्रदाय से संबंधित हैं, इसमें जांच में पाया कि भंडार नियम का उल्लंघन हुआ है। मामले में 6 अधिकारियों का निलंबन हुआ है। मुख्य अभियंता के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम बनाई है, जिसकी जांच रिपोर्ट जल्द आ जाएगी।

### एक ही फर्म को 75 लाख का भुगतान

विधायक ने इस पर सवाल किया कि क्या यह सही है, एक ही फर्म को 75 लाख का भुगतान किया गया है। इन सब पर कानूनी कार्रवाई क्या करेंगे? इस पर उपमुख्यमंत्री ने बताया कि एक ही फर्म नहीं है, और भी फर्म हैं। कमेटी भी बनाई गया है, वह जल्द ही अपनी जांच रिपोर्ट सौंपेगी। इस पर फिर विधायक ने सवाल किया कि क्या फर्मों को ब्लैक लिस्टेड करेंगे? इस पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जिनके खिलाफ भी रिपोर्ट आएगी, उन पर कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### गुरु घासीदास बाबा ने समानता और मानवता का दिया संदेश

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी गुरुवार को बाबा गुरु घासीदास की तपोभूमि गिरौधपुरी धाम पहुंचे। उन्होंने यहां पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने इस अवसर पर कहा, बाबा गुरु घासीदास का जीवन और उनकी शिक्षाएं समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने समानता, न्याय और मानवता का संदेश दिया था। आज हमें उनके आदर्शों को अपनाकर छत्तीसगढ़ को एक समृद्ध और खुशहाल राज्य बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ की सरकार को बाबा गुरु घासीदास के सिद्धांतों पर चलते हुए राज्य के विकास और जनकल्याण के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। गिरौधपुरी धाम में श्री जोगी के साथ पार्टी के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक, उपाध्यक्ष अशोक सोनवानी, विधि प्रकोष्ठ के नेता अधिवक्ता आनंद मुगरी भी उपस्थित थे।

## अप्रैल से मिलेगा बढ़े हुए डीए के साथ वेतन, वित्त विभाग ने जारी किया आदेश

### 1 मार्च से बढ़ा हुआ डीए का आदेश होगा लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य सरकार के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाने का आदेश वित्त विभाग ने जारी कर दिया है। वित्त विभाग की ओर से जारी आदेश में बताया गया कि यह महंगाई भत्ता 1 मार्च से लागू किया गया है। इसका लाभ 1 अप्रैल से कर्मचारियों को मिलने लगेगा।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने 3 मार्च को छत्तीसगढ़ के बजट में डीए बढ़ाए जाने की घोषणा की थी। उसके बाद गुरुवार को वित्त विभाग की ओर से इससे संबंधित आदेश जारी किया गया है। वित्त विभाग की ओर से जारी आदेश में छठवें वेतनमान में 1 मार्च से 7 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। साथ ही 7वें वेतनमान में 1 मार्च से 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। बढ़ाए गए डीए के बाद अब प्रदेश में सातवें वेतनमान का महंगाई भत्ता 53 प्रतिशत पर पहुंच गया है, वहीं छठवें वेतनमान में महंगाई भत्ता 246 प्रतिशत पहुंच गया है।

### डीए 3 प्रतिशत बढ़ने से कर्मियों को 1500 से लेकर अफसरों को 6 हजार 375 रुपए हर महीने लाभ



छत्तीसगढ़ में राज्य शासन द्वारा बजट में शासकीय कर्मियों को दिए जाने वाले डीए को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 53 प्रतिशत किया गया है। सरकार के इस फैसले से शासकीय कर्मियों से लेकर अधिकारियों को एक मार्च से बढ़ा हुई राशि मिलेगी। चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को यह लाभ 544 रुपए से लेकर 1500 रुपए और प्रथम श्रेणी अफसरों को 2250 रुपए से लेकर 6375 रुपए प्रतिमाह मिलेगा।

इसी क्रम में तृतीय श्रेणी के कर्मियों के 638 रुपए से लेकर 2275 रुपए, द्वित्तीय श्रेणी अधिकारियों को 1800 से लेकर 5325 रुपए तक का लाभ मिलेगा। छत्तीसगढ़ में शासकीय कर्मियों की संख्या 3 लाख 84 हजार है, इन सभी को बढ़े हुए डीए का लाभ मिलेगा। राज्य सरकार द्वारा डीए की घोषणा बजट में किए जाने से पहले शासकीय कर्मियों के संगठन ने सरकार के सामने अपनी मांगें रखी थीं।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा ने मुख्यमंत्री एवं मुख्यसचिव को पत्र लिख कर केंद्र तथा अन्य राज्यों की भांति छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों अधिकारियों एवं पेंशनरों को 3% महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत दिए जाने की मांग की थी । संयुक्त मोर्चा के प्रवक्ता संजय तिवारी ने कहा था कि केंद्र तथा उत्तरप्रदेश राजस्थान , आसाम सहित अन्य राज्यों के कर्मचारियों को इस समय 53% महंगाई भत्ता दिया जा रहा है जबकि छत्तीसगढ़ में कर्मचारियों को केवल 50% महंगाई भत्ता दिया जा रहा है। इसलिए अतः राज्य कर्मियों को भी जुलाई 2024 से प्रतिशत डी ए दिया जाना चाहिए , इसी तरह केंद्र एवं मध्यप्रदेश सहित अन्य भाजपा शासित राज्यों ने जनवरी 2024 से प्रतिशत डीए स्वीकृत किया जबकि छत्तीसगढ़ में अक्टूबर माह से 4 प्रतिशत डी ए स्वीकृत किया गया है। इसलिए 9 महीनो का एरियर्स राशि का एकमुश्त भुगतान कर्मचारियों एवं पेंशनरों को दिया जाना चाहिए।

## निगम के नए आयुक्त विश्वदीप ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आईएएस अफसर विश्वदीप ने गुरुवार को निगम मुख्यालय में निगम आयुक्त और रायपुर स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक का पदभार संभाल लिया है। निवृत्तमान आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने उन्हें पदभार सौंपा। श्री मिश्रा को धमतरी जिले का कलेक्टर नियुक्त किया गया है।

इस अवसर पर नगर निगम के अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, यूएस अग्रवाल, पंकज शर्मा, विनोद पांडे, कृष्णा खटिक, मुख्य अभियंता यूके धलेन्द्र, उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा, जसदेव सिंह बाबरा सहित अधिकारी व कर्मचारियों ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद निगम आयुक्त विश्वदीप ने अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक कर कार्यों की जानकारी ली। इसके साथ स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान 2024 की नगर पालिका निगम रायपुर क्षेत्र में प्रशासनिक तैयारी के प्रगति पर चर्चा की। नवपदस्थ आयुक्त ने 7 मार्च को दोपहर 12 बजे से निगम मुख्यालय के चतुर्थ तल पर सामान्य सभागार में आयोजित प्रथम सम्मिलन बैठक में प्रशासनिक दायित्वों का अच्छी तरह से निर्वहन करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये।

- धमतरी के नवपदस्थ कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने उन्हें पदभार सौंपा
- नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारियों ने बुके देकर दी शुभकामनाएं



### मुख्य मार्ग से हटाये ठेले, गुमटी

**रायपुर।** जोन 5 के नगर निवेश विभाग द्वारा पुलिस थाना बल यातायात विभाग के सहयोग से श्रमिको की टीम सहित आमापारा चौक से अनुपम गार्डन तक अभियान चलाया गया। इस दौरान संबंधित मार्ग से 7 ठेले हटाये, 2 ठेलों को जप्त कर लिया। साथ ही अतिक्रमण करने वालों पर 3 हजार रुपये जुर्माना किया।

**OFFICE OF THE PRINCIPAL**
**GOVT. NAGARJUNA P.G. AUTONOMOUS COLLEGE OF SCIENCE, RAIPUR (C.G.)**
Website: www.gnscr.ac.in E-mail :- principal.npgcsr@gmail.com

Letter No-3773 /1101/2025 Raipur, Date 27/02/2025

**Advertisement for the post of Project Assistant in (Sponsoring Agency- Chhattisgarh Council of Science and Technology etc.) funded Minor Research Project**

Applications are invited from Indian nationals for the position of Project Assistant in a CCOST Project funded minor research project with the following details :

**Title of the Project:** Fabrication of doped Gold Nanoparticles for In Vitro Investigation of Photothermal Therapy for Cervical Cancer

**Principal Investigator:** Dr. Sunita Sanwaria Singh, Asst. Professor, Department of Chemistry, Govt. Nagarjuna Post Graduate College, Raipur (C.G.).

**Name of the position:** Project Assistance (PA).

**Number of Positions:** 01

**Essential qualifications:** Master of Science

**Desirable:** As required by PI

MSc from Chemistry/Physics/Materials Science/Nanoscience or BTech from Materials science/Nanotechnology/CSE or related topics with a minimum of 60% aggregate score (6.5 grade points on a scale of 10).

**Salary:** 10,000/- per month.

**Duration:** 2 years

**How to apply:** Interested candidates bring all documents along with them during interview.

**Date of Walking:** 10/03/2025.

**Time:** 11:00 am

**Terms & Conditions:**

i. No TA/DA will be provided to the candidate for the interview
ii. The decision of the selection committee will be final.
iii. If the number of candidates appearing for the interview is large, the selection committee may decide to restrict the number of candidates for the interview to a reasonable limit after considering qualifications and experience

**Dr. Sunita Sanwaria Singh**
**Principal Investigator**
**Govt. NPG College of Science, Raipur (C.G.)**

**Dr. Amitabh Banerjee**
**Principal**
**Govt. NPG College of Science, Raipur (C.G.)**

## लोक अदालत के नोटिस से हड़कंप 7 दिनों में 1.21 करोड़ टैक्स वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजस्व वसूली में तेजी लाने के लिए बिरगांव निगम के राजस्व अमले ने लगभग 1000 बकायादारों की लिस्ट तैयार कर उन्हें डिमांड, नोटिस, कुर्की के लिए प्रक्रिया शुरू की है। इससे 425 बकायादारों द्वारा पिछले माह फ़रवरी में भुगतान किया गया। बचे हुए लोगो को उनके मोबाइल पर मैसेज करके डोर टू डोर संपर्क किया जा रहा है। आयुक्त युगल किशोर उर्वषा ने राजस्व अधिकारियो की समीक्षा बैठक लेते हुए टैक्स वसूली में कड़ाई करते हुए इसे 100% करने निर्देश दिया।

निगम सीमा के 40 वार्डों में इसका परिपालन करवाने के लिए राजस्व अधिकारी दीपक दीवान के नेतृत्व में राजस्व अमले सात दिनों तक सुबह सात बजे से आवासीय क्षेत्र में डोर टू डोर संपर्क किया। मौके पर ही पीओएस मशीन के साथ वसूली की जा रही है। व्यावसायिक क्षेत्रों में कुर्की और सीलबंदी की जा रही है। इसके चलते 1.21 करोड़ की वसूली हुई है। इसमें लगभग 62 लाख की वसूली पिछले सप्ताह लोक अदालत के नोटिस से ही हुई है। लगभग 350 बकायादारों को लोक अदालत से वसूली के लिए सूचित किया गया था। इसमें 8 मार्च को संबंधितों को पेशी में उपस्थित होने और उससे पूर्व 5 मार्च को सुलह के माध्यम से निराकरण के लिए सूचित किया गया।

### अदालत से बचने जमा किया टैक्स

*लोक अदालत से बचने 5 मार्च तक लगभग 212 बकायादारों ने टैक्स का भुगतान किया। डोर टू डोर संपर्क का भी अच्छा परिणाम वसूली में देखने को मिला। इसके चलते लगभग 59 लाख टैक्स वसूली निगम को प्राप्त हुई है। अभी तक निगम को कुल राजस्व की 70% राशि लगभग 11 करोड़ प्राप्त हुई। इसमें ऑनलाइन माध्यम से भी लगभग 2.09 करोड़ की वसूली हुई है। शेष राजस्व वसूली निगम द्वारा आने वाले दिनों में बकायादारों का भवन सील करके और विद्युत कनेक्शन काटने, नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी।*

## 80 से अधिक महिला पत्रकार हुईं शामिल

## कांग्रेस ने किया महिला पत्रकारों का 'कलम वीरांगना सम्मान'




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व मीडिया के क्षेत्र में काम करने वाली महिला पत्रकारों का सम्मान कांग्रेस संचार विभाग द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, कांग्रेस के राष्ट्रीय सह प्रभारी विजय जांगिड़ ने शाल एवं मोमेंटो देकर महिला पत्रकारों का सम्मान किया। सम्मान समारोह में 80 महिला पत्रकारों का सम्मान किया गया। इसमें प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की महिला पत्रकार शामिल थीं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर कहा, मीडिया के क्षेत्र में इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं को काम करते हुए देख कर सुखद अनुभूति होती है। पहले के जमाने में प्रिंट मीडिया में पूरे रायपुर में तीन-चार महिला पत्रकार ही दिखती थीं। यह बड़ी उपलब्धि है कि आज रिपोर्टिंग और एंकरिंग दोनों ही स्थानों पर महिलाओं ने अपनी जगह बनाई है। कांग्रेस पार्टी लगातार तीन वर्षों से महिला पत्रकारों का सम्मान करती आ रही है। महिला पत्रकारों के सम्मान की परंपरा आगे बढ़ाने के लिए संचार विभाग को बधाई।

## खबर संक्षेप



### पत्रकार सम्मान निधि दोगुनी, सीएम और वित्त मंत्री का स्वागत

रायपुर। भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ (छत्तीसगढ़ इकाई) ने राज्य सरकार द्वारा पत्रकार सम्मान निधि की राशि को दोगुनी करने सहित पत्रकार हित में लिए गए सभी फैसलों का स्वागत किया है। संघ ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह कदम पत्रकारों के कल्याण के लिए अत्यंत सराहनीय है। इस मौके पर संघ छत्तीसगढ़ इकाई के प्रदेशाध्यक्ष गंगेश कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में पत्रकारों के एक दल ने गुरुवार को मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री से मुलाकात कर पत्रकार हितों में बजट में प्रावधान किए जाने का स्वागत किया। स्वागत के बाद वरिष्ठ पत्रकार बाबूलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री को बताया कि वर्तमान में प्रदेश में केवल 23 वरिष्ठ पत्रकार इस योजना का लाभ ले पा रहे हैं। अधिमान्यता की शर्त हटने के बाद 250 से 300 वरिष्ठ पत्रकारों को पेंशन की पात्रता मिल पाएगी, जो सरकार के लिए बेहद सहज है। भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ ने मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री को सौंपे गए ज्ञापन में इस योजना से अधिमान्यता की अनिवार्यता हटाने की मांग की है, जिससे प्रदेश के अधिक से अधिक पत्रकार इसका लाभ उठा सकें। मुलाकात करने वालों में सुखनंदन बंजारे, कौशल स्वर्णबेर, दिलीप कुमार साहू, यशवंत धोटे, मोहन तिवारी, वैभव पांडे, धनवेंद्र जायसवाल, गौरव जुल्फिकार, रूपेश गुप्ता, गौरव शुक्ला, कुलेश्वर पांडे, खोमन साहू, गोपी कृष्ण, अद्वैत नायक सहित अन्य शामिल थे।

# जमीन अधिग्रहण कर एक साल पहले बनी सड़क मुआवजे के लिए अब तक भटक रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोक निर्माण विभाग ने नवा रायपुर में ग्राम चेरिया से पौंता के बीच सड़क का निर्माण किया है। इस सड़क निर्माण कार्य में गांव के कुछ किसानों की जमीनें भी आ रही थीं, जिसका अधिग्रहण किया गया था।

इसके बाद ही यहां सड़क का निर्माण किया गया, लेकिन इस सड़क को बने अब एक साल से ज्यादा समय बीत चुका है, पर अब तक प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि मिल नहीं पाई है। ये किसान लगातार लोक निर्माण विभाग के दफ्तर का चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अधिकारियों द्वारा उन्हें मुआवजा की जगह सिर्फ आश्वासन ही दिया जा रहा है। नवा रायपुर के ग्राम चेरिया से ग्राम पौंता के बीच करीब 4 किलोमीटर नई सड़क के निर्माण कार्य प्रस्ताव को स्वीकृति मिली थी। इस सड़क का निर्माण कार्य की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग को दी गई थी, लेकिन सड़क के निर्माण में ग्राम चेरिया के कुछ किसानों की जमीनों के कुछ हिस्से भी आ रहे थे। जिन किसानों की जमीन सड़क निर्माण में आ रही थी, उन किसानों को प्रशासन द्वारा भरोसा दिया गया था कि जितनी जमीन अधिग्रहित की जाएगी, उसके बदले उन्हें मुआवजा दिया जाएगा, लेकिन सड़क का निर्माण होने के एक साल बाद भी गांव के 5 किसानों को मुआवजा राशि मिल नहीं पाई है। ये किसान लगातार मुआवजा राशि को लेकर विभाग के दफ्तर के चक्कर काट रहे हैं। प्रभावित किसानों में सोनसाय तारक, पुनीतराम पाल, मधु ध्रुव एवं अन्य दो शामिल हैं। इन किसानों ने बताया कि मुआवजा के लिए जब भी वे दफ्तर जाते हैं, वहां बैठे अधिकारी यही कहकर लौटा देते हैं कि आदेश जारी होते ही उन्हें मुआवजा मिल जाएगा।




■ नवा रायपुर के ग्राम चेरिया के प्रभावित 5 किसानों को अब तक नहीं मिला मुआवजा

नक्सलियों ने किया बेघर

# पुनर्वास नीति बनी रोड़ा, पीड़ा बताने 25 को करेंगे पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में हजारों परिवार नक्सलवाद से पीड़ित हैं। कई परिवार उनके आतंक से घर से बेघर हो गए हैं। पिता, पति, भाई और बेटा खोने वाले लोग अभी पुलिस का मुखबिर होने की सजा काट रहे हैं। शक के आधार पर हत्या करने के बाद परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया गया। ऐसे एक हजार से ज्यादा परिवार यहां-वहां पुनर्वास का लाभ लेने के लिए भटक रहे हैं।

राजनांदगांव से रायपुर प्रेस क्लब पहुंचे जयंत कुमार साहू एवं साथियों ने संयुक्त रूप से बताया कि हमारे क्षेत्र में 15 सौ आवास बनवाए जा रहे हैं। इसके लिए आवेदन करने वाले ज्यादातर परिवारों को अपात्र घोषित करते हुए पुनर्वास नीति का पालन करने के बजाय दोहरा मापदंड अपनाया जा रहा है। इससे बेघर हुए लोग किराए के मकान में रहने के लिए मजबूर हैं। उन्होंने आगे बताया कि इस पीड़ा को बताने का हर संभव प्रयास किया गया, लेकिन जिम्मेदार अलग-अलग बहाना करके टाल रहे हैं। इसे देखते हुए हमने निर्णय लिया है कि 25 मार्च को राजनांदगांव स्थित भाजपा कार्यालय से रायपुर तक पद यात्रा करके घर देने के लिए गुहार लगाने आएंगे।



■ राजनांदगांव के पीड़ित परिवारों ने पत्रकार वार्ता में सुनाई व्यथा

### अधिकारी अपात्र घोषित करते हैं

वार्ता में पीड़ितों ने सवाल उठाया है कि राजनांदगांव में बनवाए जा रहे आवास में अगर प्रभावित करीब एक हजार परिवारों को आवास नहीं देना है, तो फिर इतने मकान आखिर किसके लिए बनवाए जा रहे है। शासन-प्रशासन के जिम्मेदार इसका जवाब दें। उन्होने बताया कि गरीबी में जीवन जीने वाले परिवारों को दो राहे पर खड़ा कर दिया गया है। अपने जमीन पर काबिज होने जाते हैं, तो नक्सली मारने की धमकी देते हैं। इधर पुनर्वास की मांग करने पर सरकार के अधिकारी हमें अपात्र घोषित करते हैं, हम कहां जाएं।

# शहर के 4 बड़े नालों की सुधरेगी दशा, प्रस्ताव भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शहर के 4 बड़े नालों की सफाई में आ रही परेशानी और बारिश के समय जलभराव को देखते हुये रायपुर नगर निगम ने 40 करोड़ का प्रस्ताव बनाकर राज्य शासन के पास मंजूरी के लिए भेजा है। प्रस्ताव में नालों की चौड़ाई बढ़ाने और गंदे पानी के निकासी की सुगम व्यवस्था सुनिश्चित करने की योजना के हिसाब से प्लानिंग की गई है। मंजूरी मिलते ही नालों के सुधार कार्य करने ऑनलाइन टेंडर कर वर्कआर्डर जारी किया जायेगा।

शहर के 4 बड़े नालों की दशा सुधारने चौड़ाई बढ़ाई जायेगी। तेलीबांधा से कचना फाटक एरिया तक बड़े नाले को 12 फीट चौड़ा करते हुये गंदे पानी के सुगम निकासी व्यवस्था बनाई जायेगी। 2 किलोमीटर लंबे इस नाले को सुधारने में 10 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसी तरह वंडरपार्क के पास बहने वाले बड़े नाले को सरोना से खारुन नदी तक 12 फीट चौड़ा करने का प्रस्ताव है। इसके साथ ही अटारी नाला को अटारी से खारुन नदी तक 12 फीट चौड़ाई करते हुये गंदे पानी की निकासी सुगम बनाने 5 करोड़ रुपये का खर्च अनुमानित है। राजधानी के आउटर में स्थित फुंडहर से दलदल सिवनी तक छोकरानाला की चौड़ाई 25 फीट की जायेगी। इस कार्य को पूरा करने 20 करोड़ की योजना तैयार की गयी है।



■ नगर निगम ने 40 करोड़ का भेजा प्रस्ताव

■ नालों की चौड़ाई बढ़ाने और गंदे पानी की सुगम निकासी होगी आसान

■ योजना विभाग ने राज्य शासन के पास प्रस्ताव मंजूरी के लिए भेजा

## बिजनेस साइट

### देवी लक्ष्मी अस्पताल में महिलाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर आज



रायपुर। टैगोर नगर स्थित देवी लक्ष्मी अस्पताल में महिला दिवस के अवसर पर आज एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का उद्देश्य महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर के बारे में जागरूक करना और इसकी स्क्रीनिंग एवं टीकाकरण की सुविधा प्रदान करना है। विशेषज्ञ डॉक्टर्स डॉ. मोनिका अग्रवाल, डॉ. मृणालिनी अग्रवाल द्वारा इस शिविर में महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर के लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में जानकारी दी जाएगी। शिविर में डॉक्टरों की परामर्श और जांच भी उपलब्ध होगी, जिससे महिलाएं इस खतरनाक बीमारी से बचाव के उपायों से अवगत हो सकेंगी। यह शिविर लुपिन डायग्नॉस्टिक्स, सर्वावैक वैक्सीन और एबॉट फार्मास्युटिकल्स के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। यहां स्वास्थ्य जांच और टीकाकरण डिस्काउंटेड दरों पर उपलब्ध होगा।

### उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन



रायपुर। हॉल ही में उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की द्वि-वार्षिक चुनाव प्रक्रिया 2025-27 सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। इस चुनाव में कुल 15 कार्यकारिणी सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए। अश्विन गर्ग, जो पिछले 8 वर्षों से उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित होते आ रहे थे, उनको पुनः 2025-27 के लिए निर्विरोध अध्यक्ष के रूप में चुना गया। नई कार्यकारिणी एवं कार्यालय पदाधिकारियों के गठन के लिए एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में अश्विन गर्ग अध्यक्ष, विनोद केजरीवाल निवर्तमान अध्यक्ष, विक्रम जैन महासचिव, नीरज अग्रवाल सहसचिव, संजय अग्रवाल उपाध्यक्ष, रामकृष्ण खेड़िया उपाध्यक्ष और विवेक अरोरा को कोषाध्यक्ष चुना गया। साथ ही अन्य कार्यकारिणी सदस्यों राजेश अग्रवाल, विवेक ड्रोलिया, संजय मेहरा, शिशिर अग्रवाल, अशोक कुमार गोयल, दीपक भीमसरिया, ज्ञानेन्द्र सिंह, बीके गुप्ता और के. लक्ष्मण दास शामिल हैं।

## श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में सीआरएमए-2025 अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन




रायपुर। श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के विज्ञान संकाय ने जलवायु तन्यकता पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन सीआरएमए 2025 का आयोजन किया। इस सम्मेलन में वैश्विक स्तर के वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों और नीति निर्माताओं ने सतत विकास में जैविक और भौतिक विज्ञान की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य जलवायु लचीलापन और सतत विकास के लिए महत्वपूर्ण विचार-विमर्श को बढ़ावा देना था। उद्घाटन सत्र में विज्ञान संकाय की डीन प्रो. अनुभूति कोशले ने बताया कि इस सम्मेलन में 400 से अधिक पंजीकरण हुए हैं, जिनमें पीएचडी स्कॉलर्स, रिसर्च स्कॉलर्स, पोस्ट ग्रेजुएट और अंडर ग्रेजुएट छात्र शामिल हैं। सम्मेलन के दौरान 28 मौखिक प्रस्तुतियां और 32 ऑफलाइन प्रस्तुतियां दी गईं। कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने कहा कि प्रौद्योगिकी की दुनिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में यूनिवर्सिटी ने कदम से कदम मिलाकर प्रगति की है। कुलपति प्रो. एसके सिंह ने कहा कि विज्ञान केवल एक विषय नहीं है, बल्कि यह सृजन और नवाचार को बढ़ावा देने वाली सोच है।

## कल्याण पब्लिक स्कूल में हुई फेयरवेल पार्टी




रायपुर। शंकरनगर स्थित कल्याण पब्लिक स्कूल में कक्षा 11वीं के छात्रों ने कक्षा 12वीं के छात्रों के लिए एक शानदार फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया। इस पार्टी बड़े उत्साह और धूमधाम से की गई, जिसमें मजेदार गेम्स, डांस और मस्ती के साथ पूरा माहौल रंगीन हो गया। कार्यक्रम में स्कूल के डायरेक्टर राजेश सक्सेना ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। उन्होंने स्टूडेंट्स को प्रेरित किया कि वे कठिन मेहनत से अपने सपनों को साकार करें। साथ ही उन्होंने स्कूल की ओर से सभी स्टूडेंट्स को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रिंसिपल शीला गुर्जर ने भी सभी स्टूडेंट्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत बढ़ोतरी के आदेश का स्वागत

रायपुर। छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी एवं प्रांतीय संरक्षक अनिल श्रीवास्तव ने महंगाई भत्ते के तीन प्रतिशत बढ़ोतरी के आदेश का स्वागत किया है और कहा है कि अब केंद्र सरकार के कर्मचारी के बराबर राज्य सरकार के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता हो गया। कर्मचारी नेताओं ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार प्रकट किया है कि होली पर्व के पहले सरकार ने महंगाई भत्ते का आदेश जारी कर दिया। साथ ही अनुरोध किया है कि इस महंगाई भत्ते का आदेश का आर्थिक लाभ 1 जुलाई 2024 से प्रदेश के कर्मचारियों को दिया जाना चाहिए था, क्योंकि केंद्र सरकार अपने कर्मचारियों को 1 जुलाई 2024 से 53 प्रतिशत महंगाई भत्ता भुगतान कर रही है, जबकि राज्य के कर्मचारियों को इस आदेश के बाद 1 मार्च 2025 से 53 प्रतिशत का महंगाई भत्ता प्राप्त होगा, इससे पूरे 50 प्रतिशत महंगाई भत्ता प्राप्त हो रहा था।

## पॉवर कंपनी के तीन लाइनमैन दिल्ली में हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के तीन लाइनमैन का दिल्ली में आयोजित लाइनमैन दिवस समारोह में सम्मान किया गया। सम्मान पाकर लौटे बिजलीकर्मियों ने इसे अपने जीवन का सबसे बड़ा पुरस्कार बताया और कहा, फील्ड में काम करते हुए हमें अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है लेकिन सभी चुनौतियों के बीच हमारा साहस ही हमें आगे बढ़ाता है। लाइनमैन दिवस पर सम्मान होने से हमारा साहस और बढ़ गया है। इस सम्मान से हमें और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिली है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के लाइनमैन जोगेश्वर प्रसाद वर्मा सारागांव भूपेश्वर ध्रुव मैनपुर और परमेश्वर चंद्राकर नेहरूनगर को उत्कृष्टता सम्मान प्रदान किया गया। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए पॉवर कंपनी के अध्यक्ष सुबोध सिंह एवं प्रबंध निदेशक भीमसिंह कंवर का भी आभार व्यक्त किया है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने देशभर में लाइनमैन दिवस पर विविध आयोजन किए। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में देशभर के चुने हुए लाइनमैन को केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण सीईए के अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद एवं दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के सीईओ गजानंद एस काले ने सम्मानित किया। इसमें हर प्रदेश के तीन-तीन लाइनमैन को चुना गया था। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता केएस भारती भी प्रतिनिधि मंडल के लीडर के रूप में इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

### बारिश में काम करना बड़ी चुनौती

भूपेश्वर ध्रुव ने बताया, वे 15 साल से लाइनमैन के पद पर हैं। उनकी पदस्थापना घने वनांचल और नक्सल प्रभावित क्षेत्र में है। बारिश और आंधी के कारण उनके क्षेत्र में जब फाल्ट आता है तो वे बिना समय गंवाए अपनी टीम के साथ पेट्रोलिंग करते हैं और फाल्ट सुधारते हैं। तीन साल पहले गांव में बहुत अधिक बारिश हुई थी। तब नदी में बाढ़ के कारण वहां जाना मुश्किल था। तब वे नदी पार करके दूसरी ओर पहुंचे और विद्युत आपूर्ति बहाल की। भिलाई के लाइन परिचारक परमेश्वर चंद्राकर 1990 से वितरण कंपनी में कार्यरत हैं। उनका कहना है कि पहली बार निचले स्तर पर काम करने वालों को सम्मान मिलने से उनके साथियों का भी उत्साहवर्धन हुआ है। यह हमारे लिए अकल्पनीय और प्रेरक रहा।












हरिभूमि

रायपुर, शुक्रवार 7 मार्च 2025

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937





यह एक फूल काले करेगा आपके ...

## सिटी इवेंट

### 13 छात्रों के हिस्से आएंगे 36 स्वर्ण पदक, पीएचडी उपाधि केवल एक को



**रायपुर।** हिदायतुल्लाह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी का आठवां दीक्षांत समारोह 8 मार्च को आयोजित किया जाएगा। दीक्षांत समारोह में 10 स्नातक और 3 परास्नातक छात्रों को उनकी उत्कृष्ट अकादमिक उपलब्धियों के लिए 36 स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे। खास बात यह है कि ये 36 स्वर्ण पदक सिर्फ 13 छात्रों के खाते में जाएंगे। अर्थात कई विद्यार्थियों को दो से अधिक मेडल दीक्षांत में मिलेंगे। जेल रोड स्थित एक निजी होटल में यह आयोजन किया जाएगा। स्वर्ण पदकों में चांसलर स्वर्ण पदक, सर्वश्रेष्ठ छात्र के लिए विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक, छत्तीसगढ़ राज्य बार काउंसिल स्वर्ण पदक सहित स्मृति में दिए जाने वाले पदक भी शामिल हैं। विश्वविद्यालय ऑडिटोरियम की क्षमता 340 व्यक्तियों की है, जबकि समारोह में छात्र और पालक सहित 700 व्यक्तियों के शामिल होने की संभावना है। इसे देखते हुए विवि प्रबंधन द्वारा निजी होटल के हॉल में यह आयोजन कराने का निर्णय लिया गया। अन्य वर्षों के दीक्षांत की भांति आठवें दीक्षांत का भी प्रसारण विवि के आधिकारिक यू-ट्यूब चैनल पर लाइव किया जाएगा। दीक्षार्थी छात्रों को परिधान दीक्षांत के पूर्व प्रदान कर दिए जाएंगे। शनिवार को होने वाले दीक्षांत के पूर्व शुक्रवार को पूर्वाभ्यास किया जाएगा। इसके लिए छात्रों को पूर्व में ही सूचित किया जा चुका है।

#### स्नातक के 161 छात्रों को उपाधि

इस दीक्षांत समारोह में 161 छात्रों को बीएएलएलबी (ऑनर्स) की उपाधि प्रदान की जाएगी। इनमें से 125 छात्र व्यक्तिगत रूप से उपस्थिति दर्ज कर डिग्री प्राप्त करेंगे, जबकि 36 छात्रों को यह उपाधि अनुपस्थित रूप में प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार एलएलएम की उपाधि 90 छात्रों को प्रदान की जाएगी। 57 छात्र अपनी उपाधि व्यक्तिगत रूप से प्राप्त करेंगे, जबकि 30 छात्रों को यह उपाधि अनुपस्थित रूप में प्रदान की जाएगी। इसके अलावा एक शोधार्थी को पीएचडी (डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी) की उपाधि प्रदान की जाएगी।

#### तेलंगाना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश भी होंगे शामिल

दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश पीएस नरसिम्हा होंगे। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश प्रशांत मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव भी दीक्षांत में शिरकत करेंगे। इस अवसर पर अन्य विशिष्ट न्यायविद एवं शिक्षाविद भी उपस्थित रहेंगे। इनमें छग उच्च न्यायालय के न्यायाधीश संजय के. अग्रवाल, तेलंगाना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पी.सैम कोशी और नेशनल ज्यूडिशियल एकेडमी भोपाल के पूर्व निदेशक न्यायमूर्ति जी.रघुराम शामिल हैं।

## एजूकेशन अपडेट

### आंकिक प्रश्नों की तैयारी में समय व्यर्थ न करें, अधिक अंक के पाठ्यक्रम को पढ़ें



**रायपुर।** बोर्ड परीक्षा की बेहतर तैयारी के लिए छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा मॉडल पेपर आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किया गया है, यह पेपर छात्रों के वार्षिक परीक्षा की तैयारी करने में मददगार है। दसवीं, बारहवीं की बोर्ड परीक्षा ब्लूप्रिंट के आधार पर तय किया जा रहा है, जिसमें अध्याय के अनुसार कम और अधिक अंक के सवालों का चयन हो रहा है। भौतिक शास्त्र की परीक्षा 11 मार्च और 10 मार्च को विज्ञान विषय में होने जा रहा है। विषय संबंधित उत्तर परिणाम के लिए शिक्षकों ने लेखन शैली संबंधित जानकारी साझा की है।

#### उत्तर लिखते वक्त फ्लो चार्ट बनाएं

भौतिक शास्त्र निरंतर अभ्यास करने वाले विषयों में शामिल है, इसकी तैयारी ब्लूप्रिंट के आधार पर करें। कठिन विषयों की तैयारी सुबह करें और रोजाना तीन घंटे का समय निर्धारित कर बीते साल के प्रश्नों को हल करें। इससे समय प्रबंधन में सुधार होगा, साथ ही परीक्षा हॉल में राइटिंग स्पीड बढ़ेगी।

- परीक्षा से पहले एनसीईआरटी किताब के उदाहरणों को पढ़ें।
- न्यूमेरिकल प्रश्नों को समझें।
- तैयारी के दौरान अधिक अंक वाले प्रश्नों को प्राथमिकता दें।
- अधिक अंक के सवालों में फ्लो चार्ट बनाएं।
- परिभाषा और डेरिवेशन को लिखकर अभ्यास करें।
- कठिन टॉपिक को 4-5 बार हल करके देखें।

#### प्रश्नों को समझकर उत्तर लिखें

दसवीं कक्षा में विज्ञान सरल और स्कोरिंग सब्जेक्ट है, जिसमें कम मेहनत और डाइग्राम से अच्छे अंक हासिल किए जा सकते हैं। इसमें प्रकाश, रासायनिक प्रतिक्रियाएं, अम्ल, क्षार, लवण, कार्बन, तत्वों का आवर्त, जीवन प्रक्रियाएं, बिजली और विद्युत प्रवाह जैसे महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम हैं। इन अध्याय में चित्रों का भी विशेष महत्व है, परीक्षा के दौरान चित्र तैयार करने और उनका विवरण लिखने से अच्छे नंबर हासिल कर सकते हैं।

● कल इंटरनेशनल मास्टर लीग में भारत और वेस्टइंडीज के बीच होगी भिड़ंत

# मास्टर लीग खेलने रायपुर पहुंची सचिन की सेना, एयरपोर्ट पर फैंस ने किया स्वागत

*शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में 8 मार्च को एक बार फिर मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर बल्लेबाजी करते नजर आएंगे। इंटरनेशनल मास्टर लीग का 12वां मैच खेलने के लिए इंडिया टीम गुरुवार को रायपुर पहुंच चुकी है। टीम में कप्तान सचिन तेंदुलकर के साथ युवराज सिंह, यूसुफ पठान, इरफान पठान, अंबाती रायुडू समेत कई दिग्गज खिलाड़ी शामिल हैं।*

**रायपुर।** लीजेंड खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए दोपहर में एयरपोर्ट के बाहर क्रिकेट प्रेमी भी पहुंचे हुए थे। इस दौरान फैंस ने अपने अंदाज में खिलाड़ियों का स्वागत किया। टीम इंडिया के खिलाड़ी एयरपोर्ट से निकलकर बस के जरिए सीधे होटल पहुंचे। इस दौरान बस में सबसे सामने सचिन तेंदुलकर नजर आए, बाकी खिलाड़ी बस में पीछे बैठे हुए थे। बता दें कि स्टेडियम में 8, 10, 11, 12, 13, 14 और 16 मार्च को इंटरनेशनल मास्टर्स लीग का आयोजन होगा।





#### रायपुर में नहीं मिली है हार

इंडिया के लीजैंड खिलाड़ियों के लिए राजधानी का स्टेडियम लकी बन चुका है। अब तक यहां खेले गए रोड सेफ्टी लीग मैचों में सचिन तेंदुलकर समेत अन्य स्टार खिलाड़ियों को जीत हासिल हुई है। गेंदबाजी और बल्लेबाजी के लिहाज से यह मैदान भारतीय टीम के लिए अनुकूल साबित हुआ है। अब सचिन तेंदुलकर की कप्तानी वाली टीम मास्टर लीग में जीत की हैट्रिक लगाने के लिए एक बार फिर इस मैदान पर उतरने जा रही है। इस बार भी स्टेडियम में मैच देखने के लिए हजारों दर्शकों के पहुंचने की उम्मीद है। मैच की टिकट ऑनलाइन बेची जा रही है, जिससे अधिक से अधिक लोग इस रोमांचक मुकाबले का लुत्फ उठा सकेंगे।



#### कई दिग्गज खिलाड़ी दिखेंगे मैदान पर

इंटरनेशन मास्टर लीग टूर्नामेंट में देश-विदेश के कई पूर्व स्टार क्रिकेटर हिस्सा ले रहे हैं। इनमें मास्टर- ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर, ब्रायन लारा, संगकारा, इयान मार्गन, जोक कालिस, युवराज सिंह, यूसुफ पठान, इरफ़ान पठान समेत अन्य खिलाड़ी शामिल हैं। इन दिग्गज खिलाड़ियों के खेल को देखने के लिए दर्शकों में भारी उत्साह रहेगा।

#### आज मैदान में प्रैक्टिस करेंगे खिलाड़ी

भारत और वेस्टइंडीज के बीच शनिवार को 7:30 बजे मैच शुरू होगा। शुक्रवार को दोनों टीमों के खिलाड़ी दोपहर और शाम के समय स्टेडियम में प्रैक्टिस करेंगे। होटल से खिलाड़ी सीधे स्टेडियम पहुंचेंगे और अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देंगे। लीग में टीम इंडिया का प्रदर्शन अब तक शानदार रहा है और रायपुर में दर्शकों को सचिन की तूफानी बल्लेबाजी देखने का मौका मिल सकता है। दोनों टीमों के खिलाड़ी रायपुर पहुंच चुके हैं और मैच की तैयारी में जुटे हैं।

#### पाइंट टेबल में भारत आगे

इंटरनेशनल मास्टर लीग के सेमीफाइनल की रेस में भारत आगे चल रहा है। पाइंट टेबल में भारत 6 अंकों के साथ पहले स्थान पर बना हुआ है, जबकि श्रीलंका दूसरे और वेस्टइंडीज तीसरे स्थान पर है। ऐसे में दर्शकों को एक बार फिर भारत के लीजेंड खिलाड़ियों को मैदान में देखने का मौका मिल सकता है। लीग के अंतिम मैचों में क्रिकेट का रोमांच बढ़ेगा।

## मुख मुरली बजाए...बारहमासी पारंपरिक गीत-संगीत से मंडई उत्सव में मची धूम

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इस बार साइंस कॉलेज मैदान में महिला एवं बाल विकास विभाग की पहल पर महिला मड़ई उत्सव की श्रृंखला सजी है। मड़ई को पूरी तरह से महिलाओं के लिए थीम बेस्ड किया गया है। इसमें रोज शाम को सात से 10 बजे के बीच सांस्कृतिक मंच पर महिला लोक गायिकाओं की टोली गीत-संगीत की महफिल सजा रही है। इस कड़ी में गुरुवार की शाम अहिवारा की चर्चित लोकगायिका आरती बारले को मंच से जोड़ने में सूत्रधार की भूमिका आकांक्षा दुबे ने निभाई। इस उत्सव को गीत-संगीत की महफिल से सराबोर करने के लिए आरती के साथ 25 कलाकारों की टीम ने गायकी, नृत्य से लोगों को लुत्फ उठाने का अवसर देते हुए बारहमासी पारंपरिक गीतों की प्रस्तुति दी।



#### दर्शक दीर्घा रही गुलजार

इस कड़ी में एक पत्ती रैनी झनी..., गौरा-गौरी विवाह गीत के बाद चौंरा म गोंदा रसिया मोर बारी म पताल ..., और अंत में मुख मुरली बजाए गीत पेश करते हुए सांस्कृतिक मंच को उत्सव से जोड़ने का प्रयास किया। इस गीत को दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों से भी अच्छा रिस्पांस मिला। प्रस्तुति के बीच नारी शक्ति की महत्ता का एहसास कराने का प्रयास किया गया। अंत दर्शक दीर्घा में उपस्थित महिलाओं को मंच संचालन करते हुए आकांक्षा दुबे ने बताया कि शुक्रवार की शाम 7 बजे से इस उत्सव की श्रृंखला को पायल साहू एवं साथी सुआ, करमा, ददरिया, पंथी गीतों की बेजोड़ प्रस्तुति से सजाएंगी।

## नीट यूजी के लिए फॉर्म भरने आज अंतिम दिन

**रायपुर।** नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) यूजी के लिए ऑनलाइन आवेदन 7 मार्च रात 11.50 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से यह परीक्षा 4 मई को आयोजित की जाएगी। पिछली बार इस परीक्षा के लिए छत्तीसगढ़ से 45213 छात्रों ने पंजीयन किया था। 43873 परीक्षा में शामिल हुए थे।

नीट यूजी के माध्यम एमबीबीएस, बीडीएस के अलावा आयुर्वेद, होम्योपैथी समेत चिकित्सा से जुड़े अन्य कोर्स में एडमिशन होगा। एग्जाम फीस सामान्य वर्ग के लिए 1700 रुपए है। इसी तरह ईडब्ल्यूएस-ओबीसी के लिए 1600 रुपए है। एससी, एसटी, पीडब्ल्यूडी व थर्ड जेंडर के लिए हजार रुपए है। विस्तृत जानकारी एनटीए की अधिकृत वेबसाइट पर जारी की गई है।

#### फॉर्म के इन सेक्शन में कर सकते हैं बदलाव

नीट यूजी परीक्षा फॉर्म में करेक्शन विंडो ओपन होने के बाद, पिता का नाम और क्वालिफिकेशन/ ऑक्यूपेशन या मां का नाम और क्वालिफिकेशन/ ऑक्यूपेशन, इन दोनों में से किसी एक डिटेल्स को चेंज करने का मौका मिलेगा। इसके अलावा, एजुकेशन क्वालिफिकेशन, कैटेगरी, सब कैटेगरी, सिग्नेचर और नीट यूजी परीक्षा के लिए प्रयासों की संख्या में बदलने या फिर ऐड करने का मौका मिलेगा।

### सिविल लाइंस क्षेत्र में 12 श्रेष्ठ स्वसहायता समूह भी सम्मानित

## पारंपरिक रुपिया माला, पुतरी और महतारी सम्मान से नवाजी गई शहर की नारी शक्ति

कार्नर न्यूज

*रायपुर। सामाजिक संस्था नवसृजन मंच ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में अलग-अलग क्षेत्र में काम करने वाली 61 महिलाओं को महतारी सम्मान से नवाजा। गुरुवार को दोपहर 3 बजे से सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में यह आयोजन किया गया। इसमें पारंपरिक रुपिया माला, पुतरी व महतारी सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ ही 12 ऐसे स्वसहायता समूह, जो ग्रुप के माध्यम से काम करते आ रहे हैं, जिनका योगदान उत्कृष्ट माना गया, उन्हें भी महतारी गौरव सम्मान दिया गया। इसका शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण, दीप जलाकर और राजगीत गाकर किया गया। इसे सफल बनाने में अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने अहम योगदान दिया।*

#### 2 अप्रैल को बिटिया जन्मोत्सव

मंच की ओर से आगामी 2 अप्रैल को बिटिया जन्मोत्सव का आयोजन किया जाना है, इसमें बेटियों को छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ मिले, यह सुनिश्चित किया जाएगा। वहीं महापौर मीनल चौबे ने मंच से सभी के बीच अपनी बात रखी। इस दौरान किशोर महानंद, डीपीओ शैल ठाकुर, मनीषा सिंह, डॉ. रश्मि चावरे प्रमुख रूप से मौजूद रहीं। वहीं महिला थाना प्रभारी मंजूलता राठौड़ के साथ ही सोनल शर्मा, गायत्री साहू को नारी शक्ति की सेवा के लिए सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में डॉ. श्रद्धा वर्मा, देव्यानी शर्मा को नारी शक्ति के मौजूदगी और गरिमामय माहौल में सम्मानित किया गया।





#### 108 महिलाओं का कल होगा सम्मान

लगातार 12वें वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 108 महिलाओं को अलग-अलग 51 एनजीओ के माध्यम से सेवा के लिए सुयश सम्मान दिया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए छत्तीसगढ़ महिला सद्भावना सम्मान समारोह एवं लाहोटी मित्र मंडल द्वारा तैयारी की गई है। गुरुवार को पत्रकारवार्ता में आयोजन के मुख्य संरक्षक छबिलाल सोनी, लक्ष्मीनारायण लाहोटी के साथ ही आयोजक डॉ. मनोज लाहोटी ने यह जानकारी दी। आगे बताया कि इस बार भी सुयश सम्मान के लिए ऐसी महिलाओं और संस्थाओं का चयन किया गया है, जो पर्दे के पीछे रहकर सेवा कार्य करने में भरोसा रखती हैं। उनकी हौसला अफजाई करने के लिए सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है।

#### महाराष्ट्र मंडल में समाजसेवी महिलाओं का सम्मान आज

रायपुर। महाराष्ट्र मंडल और उर्मिला फाउंडेशन की ओर से महिला दिवस की पूर्व संध्या पर 7 मार्च को समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 4 बजे चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल भवन में होगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर मीनल चौबे होंगी। वहीं स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. मंजू नेभानी बतौर स्पीकर कार्यक्रम में शामिल होकर महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की टिप्स देंगी। मंडल की महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने बताया कि महिला दिवस के अवसर पर समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. मंजू नेभानी होंगी और महिलाओं को खुद के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करेंगी।

## समाज लाइव

# अहिल्या बाई की प्रेरणा से महिलाओं ने सामाजिक कार्य करने का लिया संकल्प




**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के सुंदर नगर महिला केंद्र की महिलाओं ने रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन को आत्मसात कर सामाजिक कार्य करने का संकल्प लिया। यह संकल्प महिलाओं ने महाराष्ट्र मंडल के सुंदर नगर केंद्र की मासिक बैठक में लिया। वहीं नए सदस्यों को जोड़ने के लिए तथा महिला दिवस के कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। मंडल की महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन में प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि रानी अहिल्याबाई महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष जोर देती थीं। उन्हें रोजगार से जोड़ने के लिए हाथकरघा के वस्त्रों का उपक्रम शुरू कराया था। हाथकरघा की साड़ियां बेहतर क्वालिटी की हों, इसके लिए उन्होंने महेश्वर से सिद्धहस्त कारीगरों को अपने राज्य में बुलाकर बसाया था, ताकि महिलाएं उनके हुनर को सीखकर खुद भी खूबसूरत साड़ियां बना सकें। नतीजतन उनके शासनकाल में महेश्वर की साड़ियां पूरे देशभर में प्रसिद्ध हुईं।

### महिलाओं की भूमिका का विशेष ध्यान

विशाखा के अनुसार लोकमाता अहिल्याबाई इसी तरह मंदिरों के जीर्णोद्धार के साथ बड़े पैमाने पर धर्मशाला, भोजनालय, सराय, नदी घाट का निर्माण कराया। इनमें भी महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका का विशेष ध्यान रखा गया। इसी तरह अहिल्याबाई गरीबों के सेवार्थ अनेक कार्य प्रतिदिन क्या करती थीं। उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों ने समाज में बड़ा बदलाव लाया था। बैठक का आयोजन सुंदर नगर स्थित उद्यान में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। बैठक में स्मिता टेंबे, हार्दिका बोबड़े, अर्चना शिवनकर, अर्चना दंडवते, सुजाता निंबालकर, भारती पलसोदकर, स्वाति किरवई, ज्योति किरवई, मनीषा चन्नावर, शिखा खांडेकर, सुरेखा बक्शी, प्रिया बक्षी, वनीता आपुरकर, वर्षा रावत, सुषमा काले, सौदामिनी बर्वे, अपर्णा देशमुख सहित अनेक महिलाएं उपस्थित थीं।

## सिटी लाइव

# पॉलीथीन मुक्त करने बांटे 500 कपड़े के थैले, स्लोगन से दिया स्वच्छता का संदेश



**रायपुर।** पालीथीन मुक्त करने महिलाओं द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके लिए रिसाली की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉ.सोनाली चक्रवर्ती ने एक अभिनव पहल की है। पालीथीन मुक्त करने उन्होंने 500 कपड़े के थैले बांटे। इसकी शुरुआत उन्होंने महिलाओं से की। उन्होंने कहा कि गृहणियों में प्लास्टिक का उपयोग कम करने की आदत डालना मुख्य उद्देश्य है। इससे शहर में स्वच्छता आएगी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी डॉ रजनी नेल्सन थी। स्यंसिद्धा समूह के जागरूकता कार्यक्रम के बाद उन्होंने 50 महिलाओं को थैली दी। इस अवसर पर ऐसी महिलाओं का श्रीफल के साथ सम्मानित किया जिन्होंने स्वच्छता स्लोगन प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

### स्लोगन प्रतियोगिता में ये हुई शामिल

संध्या तिवारी, वंदना नाडंबर, रूमा डे, सीमा लदेर, रतना दुफारे, रुचिता चावड़ा, सीमा कनोजे, सोमाली शर्मा, अनामिका कपूर, वैशालीनी संतोष, पुष्पा पाटिल, काकोली चौधरी, बिंदु नायक, नमिता त्रिपाठी, ज्योति गांधी, डॉ.पूर्णिमा लाल, कमल चक्रवर्ती, सुशीला साहू, ममता बिस्वाल, लक्ष्मी साहू, रीता वैष्णव, बनानी मैती, राजकुमारी कनोजे, डॉ. अक्षुणा वैष्णव, मेनका वर्मा, डॉ. पूर्णिमा लाल, गीता चौधरी, अलका शर्मा, नीरा लखेरा, हर्षा रामटेके स्लोगन प्रतियोगिता में शामिल हुई।

## सामाजिक स्तर पर होली मिलन समारोह, इस वर्ष हर्बल रंग-गुलाल के साथ होली महोत्सव

# बनारस व छत्तीसगढ़ी थीम पर होंगे होली मिलन, फॉर्म हाउस से लेकर मंदिर तक फाग गीतों पर झूमेंगे शहरवासी

*हर साल होली का त्योहार देशभर में हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया जाता है। होली से पहले शहर के प्रमुख बाजार में रौनक देखी जा रही है, जिसमें होली के रंग-गुलाल और पिचकारी की खरीदी हो रही है। इस वर्ष 14 मार्च को होली का भव्य आयोजन शहर में होने जा रहा है, जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक आपस में मिलकर रंग-गुलाल का आनंद लेंगे। त्योहार को यादगार बनाने शहर की सामाजिक संस्थाओं ने भी होली मिलन समारोह का आयोजन किया है, जिसमें फूल और गुलाल के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।*

### छत्तीसगढ़ी थीम पर होली पर्व

अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति की ओर से 16 मार्च रविवार को शाम 3 बजे मोवा स्थित करसन हेरिटेज में होली मिलन समारोह आयोजित है। प्रदेश अध्यक्ष योगेश तिवारी ने बताया कि ढोल-नगाड़ों के साथ छत्तीसगढ़ी फाग गीत के आनंद लेते हुए गुलाल एवं फूलों से होली खेली जाएगी। इस वर्ष होली पर्व को यादगार बनाने विशेष फाग मंडली को आमंत्रित किया गया है, जिनके गीतों की गूंज पर सभी थिरकेंगे।

### फिल्मी गीतों पर महिलाओं का ग्रुप डांस

होली पर्व को यादगार और खास बनाने के लिए रोटरी क्लब ऑफ एलिगेंस संस्था द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर होली मिलन समारोह रखा गया है, जो शहर स्थिति वुड कैसल होटल में होने जा रहा है। इस दौरान महिलाएं होली के फिल्मी गीतों पर ग्रुप डांस और हास्य से भरपूर ड्रामा प्रस्तुत करेंगी।

**होलिका दहन और मिलन समारोह :** पंजाबी सनातन सभा के सदस्य जवाहर खन्ना ने बताया कि 13 मार्च की शाम पंजाब केसरी भवन में होली का भव्य आयोजन किया जा रहा। इस अवसर पर समाज के सदस्य आपस में होलिका दहन में शामिल होंगे। शाम 6-8 बजे तक समाज के बच्चे से लेकर बुजुर्गों की उपस्थिति होगी।





### फूलों की होली के साथ फाग उत्सव

सालासर धाम में वनबंधु परिषद की राष्ट्रीय महिला समिति की वार्षिक जोनल बैठक संपन्न हुई। इस दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश के पदाधिकारियों ने दूसरे राज्यों से पहुंचे पदाधिकारियों का स्वागत किया। प्रदेश मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि बैठक के पश्चात फूलों की होली के साथ फाग उत्सव भी मनाया गया। अध्यक्ष कांता सिंघानिया एवं सचिव सरिता रेखानी ने बताया कि ईस्ट जोनल बैठक में हिस्सा लेने ओडिशा, रांची, बिहार, जमशेदपुर, झारखंड, बंगाल सहित अन्य प्रदेशों से महिला समिति रायपुर पहुंचे हैं, जहां राष्ट्रीय संगठन मंत्री शांता सारडा भी मौजूद रही। बैठक में आगामी कार्यों की रणनीति बनाई गई एवं वनवासी इलाकों में एकल विद्यालयों के माध्यम से बच्चों को शिक्षित कर सशक्त भारत के निर्माण के लिए जिम्मेदारी तय की गई।

### मां-बच्चों के लिए फूलों की होली

होली पर्व के उपलक्ष्य में वुमेन एंट्रस्ट संस्थान द्वारा विशेष आयोजन किया गया है, जिसमें महिलाएं अपने बच्चों के साथ होली महोत्सव में शामिल होंगी। संस्था की सदस्य सानिया ने बताया कि इस अवसर पर फूलों की होली खेली जाएगी। 12 मार्च को बेबीलॉन कैपिटल में शाम 4.30 बजे से होली महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सौ से अधिक लोगों की उपस्थिति होगी।

### फार्म हाउस में मचेगी होली की धूम

जेसीस के चैंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से 13 मार्च को भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन संतोषी नगर स्थित फार्म हाउस में होने जा रहा, जिसमें अन्य शहरों से भी सदस्य शामिल होंगे। अध्यक्ष नोहर साहू ने बताया कि प्रत्येक वर्ष होली पर संस्थान के अधिकारी शामिल होते हैं, इस अवसर पर अन्य शहरों से संस्थान के प्रमुख सदस्यों की उपस्थिति रहेगी।

### बनारस की होली थीम पर आयोजन

रोटरी क्लब ऑफ क्वीन की अध्यक्ष मनप्रीत कौर ने बताया कि 8 मार्च को होली मिलन समारोह और महिला दिवस का आयोजन किया गया। शहर स्थित रायपुर ग्रीन्स में शाम 4.30 बजे कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस वर्ष बनारस की होली थीम पर त्योहार को सेलिब्रेट किया जाएगा, जिसमें ड्रेसकोड, फूल और गुलाल, गेम्स, भारतीय पकवान एवं ग्रुप डांस शामिल होंगे।

### ढोल बजाकर लड्डू गोपाल के साथ खेली होली

-शंकरनगर स्थित गार्डन में राजस्थानी प्रजापति महिला संगठन द्वारा होली मिलन और फाग उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चंग और ढोल बजाकर भगवान लड्डू गोपाल के साथ फूलों की होली खेली गई। समाज की 70 वर्ष से ऊपर की महिलाओं को शॉल, श्रीफल और उपहार देकर तथा उन्हें राजस्थानी पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान यह देखा गया कि आज की महिलाएं केवल परिवार के घरों की देखभाल ही नहीं, बल्कि परिवार के व्यापार में भी सहयोग कर रही हैं। इस आयोजन के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि आज के समय में, जब कई लोग शादी के बाद अलग हो जाते हैं, ये महिलाएं एक मजबूत वटवृक्ष की तरह अपने परिवार को एकजुट रख रही हैं और संयुक्त परिवार की संस्कृति को बनाए रख रही हैं।



## सफारी में बढ़ रहा सफेद टाइगर का कुनबा



*रायपुर। जंगल सफारी में सफेद टाइगर का कुनबा बढ़ने लगा है। मादा सफेद टाइगर ने तीन महीने पहले तीन शावकों को जन्म दिया था, और अब वे बाड़े में मस्ती करते हुए नजर आ रहे हैं। तीनों शावक पूरी तरह स्वस्थ हैं और तेजी से बढ़ रहे हैं।*





# मानव जीवन, निर्ग्रंथ गुरु, अच्छा कुल बहुत ही बड़े पुण्य से मिलता है : समता सागर

**रायपुर।** जैन संत समता सागर की बुधवार को बड़े मंदिर में उनकी प्रार्थना सभा हुई। इस दौरान उन्होंने अपने प्रवचन में कहा कि हम और आप सभी को मनुष्य जीवन ही नहीं मिला, बल्कि अच्छे बुरे का भेद करने के लिए अच्छी बुद्धि मिली। इसे पाकर हम और आप सभी धर्म ध्यान कर रहे हैं। अपने हित-अहित का निर्णय करने के लिये सक्षम हैं। मुनि श्री ने निगोद से लेकर मनुष्य जीवन तक की इस यात्रा का वर्णन सुनाते हुए कहा कि हजारों वर्षों तक तो निगोद में पड़े रहे। जैसे-तैसे निगोद से निकले और एक इंद्रिय हुए। आगे चलकर दो इंद्रिय हुए और जिव्हा मिली तथा अंदर की आबाज बाहर निकली, फिर तीन इंद्रिय बने, तो हमें सूंघने की शक्ति के रूप में नासिका मिली। चार इंद्रिय बने तो सुनने के लिए कान मिल गये और पंच इंद्रिय बने तो देखने के लिये आंख मिल गई। जब संज्ञी इंद्रिय बने तो हमें अच्छे बुरे की पहचान हो गई। इसकी वजह से हम आज यहां पर बैठकर पंच परमेश्वर की आराधना कर रहे हैं। उन्होंने गृहस्थ की देव पूजा, गुरु की बंदना तथा स्वाध्याय, संयम तप और दान करने के बारे में भी जानकारी दी।

### साध्वी गुरुमति ससंघ पहुंची बड़े मंदिर मुनिश्री का लिया दर्शनलाभ

प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया कि आचार्य विद्यासागर के समाधि स्थल चंद्रगिरी तीर्थ डोंगरगढ़ से निर्यापक श्रमण मुनि समता सागर तथा मुनि पवित्र सागर ससंघ एवं आर्यिका रत्न गुरुमति माता एवं आर्यिका रत्न दृणमति माता सहित सभी 46 माताजी का श्री सम्मेद शिखर तीर्थ की ओर विहार जारी है। सुमतिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में आर्यिका संघ दर्शनार्थ मंदिर में पधारीं। जिनविंव के दर्शन तथा विराजमान मुनिसंघ की वंदना की। इस दौरान रायपुर दिगंबर जैन मंदिर मालवीय रोड के अध्यक्ष यशवंत जैन, सचिव सुजीत जैन तथा कोषाध्यक्ष दिलीप जैन, अविनाश जैन ने श्रीफल अर्पित कर मुनिसंघ और आर्यिकासंघ को रायपुर के लिए आमंत्रित किया।

# होलाष्टक के बाद विवाह का शुभ मुहूर्त रामनवमीं के बाद नवरात्रि पर, अप्रैल माह में मिलेंगे 10 मुहूर्त

**रायपुर।** होली से 8 दिन पहले होलाष्टक लग जाता है। इस साल होलाष्टक की शुरुआत 7 मार्च से हो रही है। इस दौरान विवाह सहित अन्य मांगलिक कार्य नहीं होंगे। 13 मार्च को होलाष्टक समाप्त होगा, जिसके पश्चात होलिका दहन की पूजा की जाएगी। आमतौर पर होली के बाद विवाह और मांगलिक कार्य शुरू हो जाते हैं, लेकिन इस वर्ष 14 मार्च को मलमास शुरू हो रहा है। मलमास के दौरान शुभ कार्यों पर रोक होती है, जिसके कारण नवरात्रि के शुभ अवसर पर विवाह कार्य की शुरुआत की जाएगी।

होलाष्टक दोष से बचने के लिए कई बातों का ध्यान रखना जरूरी है, इस समय बाल और नाखून काटने का काम नहीं करना चाहिए। इन आठ दिनों में काले रंग के कपड़े न पहनें। होलाष्टक में शुभ कार्य नहीं किया जाता है, जिसके कारण घर पर वाहनों की खरीदी भी न करें। इन दिनों नकारात्मक ऊर्जा अधिक होती है, इससे बचने के लिए शुभ कार्य नवरात्रि के अवसर पर करें।



### अप्रैल में विवाह के शुभ मुहूर्त

साल 2025 में विवाह के कुल 76 शुभ मुहूर्त हैं, जिमसें वर-वधु पक्ष बिना किसी अड़चन के विवाह कार्य संपन्न कर सकते हैं। इस साल रामनवमीं 6 अप्रैल को मनाई जा रही है, इस दिन विवाह मुहूर्त की शुरुआत होगी। खुशहाल दांपत्य जीवन की शुरुआत के लिए यह सबसे बेहतर दिन है। अप्रैल महीने में 14, 16, 18, 19, 20, 21,22,29 और 30 तारीख को विवाह का शुभ मुहूर्त है।

### नवरात्रि पर विवाह का मुहूर्त

पुजारी दिनेश गोस्वामी ने बताया कि गुरुवार शाम 6 बजे से होलाष्टक की शुरुआत हो गई है, इस माह लंबे समय तक शुभ कार्य पर रोक रहेगी। होलाष्टक से नवरात्रि पर्व तक शुभ मुहूर्त नहीं है, जिसके कारण विवाह कार्य 30 मार्च से शुरू होंगे। नवरात्रि में विवाह का योग बन रहा है, जिसके बाद अप्रैल माह में 14 तारीख से विवाह और शुभ कार्य संबंधित उत्तम दिन है।



## हेल्थ टिप्स

# सोकर उठने के बाद कंधों में होता है तेज दर्द, इन एक्सरसाइज की लें मदद



कई बार हम सुबह उठते हैं और हमारे कंधे में इस कदर अकड़न हो जाती है कि हाथ हिलाना डुलाना भी मुश्किल हो जाता है,दरअसल जब हम सोते हैं तो हमें यह मालूम में नहीं चलता है कि हम किस पोजीशन में सो रहे हैं। खराब पोजीशन के कारण सुबह के समय दर्द होने लगता है। ज्यादातर लोग को यह समझ नहीं आता है कि उन्हें दर्द क्यों हो रहा है। कामकाज प्रभावित न हो इसके लिए लोग ओवर द काउंटर दवा ले लेते हैं, लेकिन पेन किलर खाने से आपको नुकसान भी हो जा सकता है। अगर आपको भी सुबह उठने के साथ कंधे में स्टिफनेस महसूस हो तो आप कुछ एक्सरसाइज का अभ्यास कर सकते हैं।

### पेंडुलम एक्सरसाइज

कंधों की अकड़न को दूर करने के लिए आप पेंडुलम एक्सरसाइज कर सकते हैं। इसके लिए आप कमर के पास से झुक जाएं और हाथों को बिल्कुल रिलैक्स छोड़ दें और शरीर से दूर लटकने दें। इसे क्लॉक वाइज और एंटी क्लॉक वाइज धीरे-धीरे घुमाएं। ऐसा काम से कम 2 से 4 मिनट तक करें। इससे कंधों में लचीलापन आएगा और अकड़न से राहत मिलेगी।

### वॉल स्लाइड



कंधों की अकड़न दूर करने के लिए आप बहुत ही आसान सा एक्सरसाइज वॉल स्लाइड कर सकते हैं। इसके लिए आपको दीवार की तरफ मुंह करके दोनों हथेलियां को दीवार से सटाना होता है और हाथों को ऊपर ले जाना होता है इस तरह से हाथों को 15 से 20 सेकंड तक स्ट्रेच करें, रोजाना इसे करने से आपको फायदा होगा। (खरगोश आसन करने के फायदे)

### शोल्डर रोल

शोल्डर रोल एक्सरसाइज के जरिए भी आप आराम पा सकते हैं। इसके लिए आप सबसे पहले जमीन पर खड़े हो जाएं और अपने पैरों को एक दूसरे से थोड़ा अलग कर लें अपने दोनों हाथों को अपने कंधे पर रखें, सांस अंदर लें और अपने कंधों और हाथों को गोल आकार में घुमाएं। इस दौरान आपकी पीठ पूरी तरह से सीधी रहेगी। इस एक्सरसाइज को कम से कम 15 से 20 बार करें। इससे आपको आराम मिलेगा।



### पेंडुलम एक्सरसाइज

कमर के पास से झुककर हाथों को शरीर से दूर लटकने दें। फिर, धीरे-धीरे घुमाएं। क्रॉस बॉडी आर्म स्ट्रेचः दूसरे हाथ के कंधे के ऊपर हाथ को खींचें और दूसरे हाथ से पकड़ें। ओवरहेड शोल्डर स्ट्रेचः हाथ को ऊपर की ओर उठाएं और दूसरी ओर ले जाकर खींचें। कंधे की हड्डी को सिकोड़नाः पीठ सीधी रखकर, कंधे ढीले रखें। फिर, कंधों की हड्डियों को एक दूसरे की ओर दबाएं। लेटकर कंधे के आंतरिक घुमावः पीठ के बल लेटकर, कोहनी को अंदर की ओर मोड़ें और बांह को पेट की ओर ले जाएं। चक्रवकासनः गर्दन और कंधों की अकड़न दूर करने के लिए यह योगासन किया जा सकता है। इसके अलावा, बर्फ़ या गर्मी लगाने से भी कंधे के दर्द से आराम मिल सकता है। कंधे के दर्द के कुछ और उपायः अजवाइन और सेंधा नमक से पोटली बनाकर प्रभावित हिस्से पर सेंक करें। सोंठ, अश्वगंधा, मेथी दाना, और शल्लकी का इस्तेमाल करें। कोल्ड कंप्रेस लगाएं।

## हृदय रोग और हार्ट अटैक के मामले तेजी से बढ़ रहे

# कोलेस्ट्रॉल-ट्राइग्लिसराइड में संतुलन जरूरी अपने दिल की सेहत को लेकर रहें हमेशा सचेत

हृदय रोग, दुनियाभर में मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है। कुछ दशकों पहले तक इसे उम्र बढ़ने के साथ होने वाली बीमारी के रूप में जाना जाता था, हालांकि समय के साथ अब युवा-वयस्क भी इसके शिकार होते जा रहे हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि कोरोना महामारी के बाद से गंभीर हृदय रोग और हार्ट अटैक के मामले काफी तेजी से बढ़ गए हैं। जिन लोगों को कोरोना का संक्रमण रहा है उनमें जोखिम और भी अधिक हो सकता है। इसके अलावा अगर आपकी लाइफस्टाइल और आहार गड़बड़ है तो इससे खतरा और भी बढ़ जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी उम्र के लोगों को हार्ट की सेहत का ध्यान रखने की सलाह देते हैं। हृदय रोग विशेषज्ञ कहते हैं, नियमित रूप से कुछ जांच कराते रहना हृदय की सेहत पर ध्यान रखने में सहायक हो सकता है। विशेषतौर पर यदि आपके ब्लड में कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड का स्तर सामान्य से अधिक बना रहता है तो ये अलार्मिंग माना जाता है, ऐसे लोगों में दिल का दौरा पड़ने के साथ कई अन्य जानलेवा समस्याओं का खतरा रहता है। क्या आप कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड के बारे में जानते हैं?



### कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड भी जरूरी

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड दोनों शरीर के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। ट्राइग्लिसराइड्स का उपयोग हमारी कोशिकाएं ऊर्जा के लिए करती है, जबकि कोलेस्ट्रॉल कोशिका झिल्लियों की संरचना के निर्माण करने के लिए महत्वपूर्ण है। हालांकि इनकी बढ़ी हुई मात्रा शरीर के लिए कई प्रकार से नुकसानदायक हो सकती है। जिन लोगों के रक्त में इन दोनों की अधिकता होती है, उनमें हृदय रोगों के विकसित होने और गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों का खतरा बढ़ जाता है। आइए इसके बारे में समझते हैं।

### पहले जानिए कोलेस्ट्रॉल क्या है?






कोलेस्ट्रॉल मोम जैसा पदार्थ होता है जिसकी उचित मात्रा शरीर के अच्छे स्वास्थ्य के लिए आवश्यकता होती है। हालांकि कोलेस्ट्रॉल का अस्वास्थ्यकर स्तर हार्ट अटैक के खतरों को बढ़ाने वाली हो सकती है। 200 mg/dL से कम कोलेस्ट्रॉल का स्तर सामान्य है। 240 mg/dL या इससे अधिक का स्तर उच्च माना जाता है, जो समस्याकारक स्थिति है। आमतौर पर हाई कोलेस्ट्रॉल के कोई लक्षण नहीं होते हैं। लेकिन अगर इसका इलाज नहीं किया गया और ये बढ़ा हुआ रहता है तो ऐसे लोगों में दिल का दौरा और स्ट्रोक का खतरा अधिक हो सकता है।

### ट्राइग्लिसराइड से होने वाली समस्या

ट्राइग्लिसराइड्स एक प्रकार का फैट है। मक्खन, तेल जैसे वसा वाले खाद्य पदार्थों के कारण ट्राइग्लिसराइड्स की मात्रा बढ़ सकती है। 150 मिलीग्राम प्रति डेसीलीटर या इससे कम की मात्रा को सामान्य माना जाता है। इसके बढ़ने के कारण स्वास्थ्य जोखिम भी बढ़ने लगते हैं।



ट्राइग्लिसराइड्स की अधिकता धमनियों को सख्त और इसकी दीवारों को मोटा कर देती है जिससे स्ट्रोक, दिल का दौरा और हृदय रोगों का खतरा बढ़ जाता है। इसकी बढ़ी हुई मात्रा को अग्नाशय और पाचन स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक माना जाता है।

### कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड को कैसे करें कंट्रोल?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लाइफस्टाइल और दिनचर्या को ठीक रखकर कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड कंट्रोल रखने में मदद मिल सकती है। कम उम्र से ही आपको आहार में विशेष सुधार करना चाहिए। नियमित रूप से व्यायाम करने के साथ आहार में चीनी और प्रोसेस्ड कार्बोहाइड्रेट वाली चीजों की मात्रा को कम रखना आपके लिए आवश्यक है।


# डेस्क जॉब और दिनभर कुर्सी पर बैठने वाले करें ये स्ट्रेच, दूर होगी अकड़न



दुनिया में करोड़ों लोगों की तरह शायद आपकी भी जॉब ऐसी हो, जिसमें दिनभर बैठा रहना पड़ता हो। जो लोग एक स्थिति में घंटों बैठे रहते हैं, उनके शरीर में दर्द होना शुरू हो जाता है। समस्या बढ़ने पर बॉडी पॉश्चर भी बिगड़ सकता है। आज के समय में बिजनेस मेन हो या ऑफिस जॉब करने वाला, हर कोई सीट पर बैठकर कंप्यूटर / लैपटॉप के सामने घंटों काम करता है। कई लोग इससे राहत पाने के लिए एर्गोनॉमिक कुर्सी का प्रयोग करते हैं, जो इस तरह के दर्द को रोकने में मदद कर सकती हैं। लेकिन यह भी हकीकत है कि कई लोगों की दुकान या ऑफिस में इस तरह की महंगी चेयर नहीं होंगी। ऐसे में वे अधिकतर समय एक ही स्थिति में बैठे रहते हैं। ऐसे में अनकम्फर्टेबल कुर्सी पीठ दर्द, सिर दर्द, तनाव, गर्दन और कंधों में जकड़न / अकड़न और लचीलेपन में कमी का कारण बन सकती है। इस अकड़न को कम करने के लिए मसल्स लूज करना जरूरी है, जो कि स्ट्रेचिंग से किए जा सकते हैं।

स्टडी के मुताबिक नियमित रूप से की गई स्ट्रेचिंग गर्दन और कंधे के दर्द को कम करती है। जिससे लोगों में प्रोडक्टिविटी बढ़ती है। यदि आप भी उनमें से एक हैं, जो देर तक एक ही कुर्सी पर बैठकर ऑफिस या डेस्क जॉब करते हैं। इस कारण आपके भी बदन दर्द होता है, तो आज कुछ ऐसे आसान स्ट्रेच जिनसे डेस्क पर काम करते समय बॉडी में बिल्कुल भी अकड़न और दर्द नहीं होता।

### स्ट्रेचिंग के फायदे यहां समझें



ऑफिस में सिटिंग जॉब करने वालों को एक्सरसाइज से भी काफी मदद मिलती है। लेकिन हर कोई जिम नहीं जा सकता। कुछ लोग सुबह बिस्तर पर स्ट्रेचिंग करना पसंद करते हैं। लेकिन कई लोग ऐसा नहीं करते।

ऐसे लोगों को बताना चाहूंगा, स्ट्रेचिंग के कुछ फायदे भी हैं जिनके बारे में हर कोई नहीं जानता। स्ट्रेचिंग हर किसी की लाइफ स्टाइल को कई तरह से फायदा पहुंचाती है। भले ही स्ट्रेचिंग में कम समय लगता है लेकिन यह लंबे समय में प्रोडक्टिविटी में सुधार कर सकती है।

स्ट्रेचिंग से जोड़ों और मसल्स का ब्लड फ्लो बढ़ता है। जैसा वर्कआउट करते समय भी होता है और आप अच्छा महसूस करते हैं। विभिन्न मसल्स में खिंचाव के बाद शरीर आमतौर पर बेहतर महसूस करता है। लेकिन ऑफिस में स्ट्रेचिंग करते समय विशेष रूप से ध्यान रखें कि आप ठंडे मसल्स को ढीला कर रहे हैं। इसलिए, धीरे-धीरे स्ट्रेच करें, नहीं तो मसल्स में खिंचाव आ सकता है। गर्दन, पीठ, कंधों, हिप्स की अकड़न ध्यान में रखते हुए फ्लेक्सिबिलिटी स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज कुछ ही समय में आपके शरीर की अकड़न कम करने में मदद करेगी।

### वन आर्म हग

इस स्ट्रेच को करते समय दायां हाथ आगे से बाएं कंधे पर रखें। इसके बाद अधिक खिंचाव के लिए बाएं हाथ से दाएं हाथ की कोहनी को पीछे की ओर धकेलें। इससे पीठ और शोल्डर पर स्ट्रेच आएगा। इस स्ट्रेच को दोनों हाथों से 30-30 सेकेंड के लिए 2-3 बार करें।

# रात में भिगो रहे हैं ओटमील तो न करें ये 5 गलतियां, स्वाद में भी नहीं आएगी कमी



ओटमील वजन कम करने करने किसी बढ़िया सुपरफूड से कम नहीं है। इसे अक्सर रात को भिगोकर सुबह फ्रूट्स के मिलाकर खाया जाता है। इसे और भी हेल्दी बनाने के लिए लोग तरह-तरह के ड्राई फ्रूट्स में इसमें डालते हैं।

बिगिनर के लिए ऐसी गलतियां करना आम हैं। मगर कैसे पता चलेगा कि आप ओटमील सही ढंग से भिगो रहे हैं या नहीं? तो आइए जानते हैं वे 5 गलतियां जिन्हें करने से बचना चाहिए, ताकि आपका ओटमील परफेक्ट और स्वादिष्ट बने।

ओवरनाइट ओट्स बनाने में सबसे जरूरी बात सही रेशियो में दूध और ओट्स मिलाना होता है। अगर दूध ज्यादा होगा, तो ओटमील बहुत पतला और पानी जैसा हो जाएगा। वहीं, अगर दूध कम होगा, तो ओट्स पूरी तरह भीग नहीं पाएंगे और वे सूखे लगेंगे। सही संतुलन बनाए रखने के लिए 1:1 का रेशियो सही रहता है, यानी जितना ओट्स लें, उतना ही दूध मिलाएं। अगर आपको क्रीमी टेक्सचर पसंद है, तो इसमें ग्रीक योगर्ट या चिया सीड्स भी मिला सकते हैं।

स्वीटनर जैसे चीनी, शहद, गुड़ या मेपल सिरप डालने से ओट्स का स्वाद बेहतर हो सकता है, लेकिन अगर आप ज्यादा मात्रा में स्वीटनर डालते हैं, तो यह सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। साथ ही, ज्यादा मीठे ओट्स खाने में भी अच्छे नहीं लगते। फिर फ्रूट्स मिलाने से भी यह ज्यादा मिठास आ सकती है। इसका बेहतर विकल्प यह है कि आप फ्रूट्स, ड्राई फ्रूट्स या दालचीनी जैसी प्राकृतिक चीजों का इस्तेमाल करें, जिससे मिठास भी मिले और पोषण भी बना रहे।

ओट्स कई प्रकार के होते हैं- स्टील कट ओट्स, रोल्ड ओट्स और इंस्टेंट ओट्स। ओवरनाइट ओट्स के लिए रोल्ड ओट्स सबसे अच्छे होते हैं क्योंकि वे दूध को अच्छी तरह सोख लेते हैं और सुबह तक क्रीमी और सॉफ्ट हो जाते हैं। स्टील कट ओट्स बहुत हार्ड होते हैं और रातभर भिगोने के बाद भी पूरी तरह नरम नहीं होते। वहीं, इंस्टेंट ओट्स बहुत जल्दी गीले हो जाते हैं और सुबह तक उनका टेक्सचर गड़बड़ हो सकता है। इसलिए सही प्रकार के ओट्स का चुनाव बहुत जरूरी है। ओट्स का असली स्वाद तब आता है जब उसमें सही फ्लेवर और टॉपिंग डाले जाएं। कई लोग सारे टॉपिंग रात को ही डाल देते हैं, जिससे सुबह तक वे नरम और गीले हो जाते हैं और स्वाद खराब हो जाता है। खासकर नट्स और ताजे फलों को सुबह डालना चाहिए, ताकि उनकी क्रंचीनेस बनी रहे। अगर आप ड्राई फ्रूट्स जैसे किशमिश या अंजीर डाल रहे हैं, तो उन्हें रात को भी डाल सकते हैं ताकि वे अच्छी तरह से फूल जाएं और स्वाद में घुल-मिल जाएं।

# घर में बेलपत्र का पौधा लगाने का नियम जानें वास्तु के नजरिए से



बेल के पौधे को ज्योतिष और वास्तु में बहुत शुभ माना जाता है। इस पौधे की पत्तियों को हमेशा भगवान शिव की पूजा में अर्पित किया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि यदि आप इस पौधे को घर पर लगा रहे हैं तो वास्तु के नियमों का पालन जरूरी है। धार्मिक दृष्टिकोण से, बेल के पेड़ को पवित्र और प्रभावशाली माना जाता है और इस पेड़ की पूजा से घर में सुख-शांति और समृद्धि का वास होता है। इसलिए, बेल के पेड़ को शिव जी के साथ जुड़ी हुई विशेष पूजा और आस्था का हिस्सा माना जाता है।

घर में बेल का पौधा लगाना वास्तु शास्त्र और धार्मिक दृष्टिकोण से बहुत शुभ माना जाता है। विशेष रूप से यह पौधा भगवान शिव से जुड़ा है, इसलिए जिस स्थान पर ये पौधा होता है वहां भगवान शिव की कृपा दृष्टि सदैव बनी रहती है। मान्यता है कि इस पौधे को यदि आप अपने घर की सही दिशा में लगाते हैं तो सदैव शिव जी की कृपा दृष्टि बनी रहती है।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 79871 19756 90981 38778

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर
93404-44755

मैट्रेस MATTRESS ऑफर कुछ दिनों के लिए
पुराना देकर नया ले जाये
5 इंच मोटा 11500 MRP 3000 लेस 8500 4000 4500
6 इंच मोटा 17000 MRP 5000 लेस 12000 पुराना- 5000 गद्दा 7000
8 इंच मोटा 20500 MRP 6500 लेस 14000 पुराना- 6000 गद्दा 8000
संजय रुई भंडार निराकारी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर 9827976266, 7987918262

कूलर एवं खस
हैनीकॉम्ब पैड
कूलर मोटर
एग्जॉस्ट
कूलर पंप
शीतल कूलर के उच्च क्वालिटी के
एक की छत के नीचे
कूलर हाउस
हैनीकॉम्ब पैड कूलर/एग्जॉस्ट मोटर खस
सिटी कोतवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर
आकाश जैन - 98261-64650, रतन जैन - 98271-29211

BIG BULL E-RIKCHOW & E-LOADER
ई-लोडर (डबल का फायदा)
• 1 टन से 1.5 टन लोडिंग क्षमता
• शानदार पिकअप, स्पीड, माइलेज
• खर्चा कम, कमाई दुगुना
छोटा नहीं बड़ा हाथी
डीलर : शुभ मार्केटिंग, भनपुरी, रायपुर (छ.ग.) मो. 9826695200

अंकित बाउण्ड्रीवॉल
प्रिकास्ट, ब्रिक्स बाउण्ड्रीवाल, डी.पी. सी पोल फेंसिंग करवाने हेतु संपर्क करें।
V.I.P. रोड रायपुर
98279-59655
प्रीकास्ट
चैनलिंक जाली
पोल फेंसिंग
अब आपके बेशकीमती प्लाट को सुरक्षित रखना हुआ आसान

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7987119756

